Monday, 05 December, 1966

लोक-सभा वाद-विवाद

संक्षिप्त अनूदित संस्करण

SUMMARISED TRANSLATED VERSION

OF

3rd

LOK SABHA DEBATES

[सोलहवां सत्र
Sixteenth Session]

Preservation Unit
6-7-92
Fumigated
On 1.1.84
Parliament Library

[खंड 61 में अंक 11 से 20 तक हैं
Vol. LXI contains Nos. 11—20]

लोक-सभा सचिवालय
नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
NEW DELHI

मूल्य : एक रुपया

Price : One Rupee.

[यह लोक-सभा वाद-विवाद का संक्षिप्त अनुदित संस्करण है और इसमें अंग्रेजी/हिन्दी में दिये गये भाषणों आदि का हिन्दी/अंग्रेजी में अनुवाद है ।]

[This is translated version in a summary form of Lok Sabha Debates and contains Hindi/English translation of speeches etc. in English/Hindi.]

विषय–सूची/CONTENTS

अंक 24, सोमवार, 5 दिसम्बर, 1966/14 अग्रहायण, 1888 (शक)
No. 24-Monday, December 5, 1966/Agrahayan 14, 1888 (Saka)

विषय	Subject	पृष्ठ/Pages
केरल में बिजली के फेल होने के बारे में	Re. Failure of Electricity in Kerala	3008
सभा पटल पर रखे गये पत्र	Papers Laid on the Table	3008—10
राज्य सभा से सन्देश	Messages from Rajya Sabha	3010
विधेयक पर राष्ट्रपति की अनुमति	President's Assent to bill	3010
कीटनाशी विधेयक	Insecticides Bill	3010
(1) संयुक्त समिति का प्रतिवेदन	(i) Report of Joint Committee	3010—11
(2) साक्ष्य	(ii) Evidence	3011
1967 के सामान्य निर्वाचनों, के कार्य क्रम के बारे में वक्तव्य	Statement re: Programme for General Elections, 1967.	3011
श्री गोपाल स्वरूप पाठक	Shri G. S. Pathak	3011—13
कनाडा से खाद्य सहायता के बारे में वक्तव्य	Statement re: Food Aid from Canada	3017
श्री चि० सुब्रह्मण्यम	Shri C. Subramaniam	3017—18
कच्ची रुई की सम्भरण स्थिति के बारे में वक्तव्य पर प्रश्न	Questions on Statement Re : Raw Cotton supply situation	3018—22
ध्यान दिलाने वाली सूचना के बारे में (प्रश्न)	Re - Calling Attention Notice (Query)	3022
मंत्रियों पर लगाये गये आरोपों की जाँच के बारे में	Re : Enquiry into Allegations against Ministers	3022—27
चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान स्नात कोत्तर संस्थान, चण्डीगढ़. विधेयक	Post Graduate Institute of Medical Education and Research, Chandigarh Bill	3027—30
राज्य सभा द्वारा पारित रूप में विचार करने का प्रस्ताव	Motion to Consider, as passed by Raiya Sabha	3028
श्री बाल्मीकी	Shri Balmiki	3027
डा० सुशीला नायर	Dr. Sushila Nayyar	3027—28
खण्ड 2 से 25 तथा 1	Clause 2 to 25 and 1	3028
पारित करने का प्रस्ताव	Motion to Pass	3028
श्री अ० सि० सहगल	Shri A. S. Saigal	3030
डा० सुशीला नायर	Dr. Sushila Nayar	3028

विषय	Subject	पृष्ठ/Pages
बीज विधेयक	Seeds Bill	
राज्य सभा द्वारा पारित किये गये रूप में तथा प्रवर समिति द्वारा प्रतिवेदित रूप में विचार करने का प्रस्ताव	Motion to Consider as passed by Rajya Sabha and as reported by Select Committe	3030 3031
श्री श्यामधर मिश्र	Shri Shyam Dhar Misra	3031—32
श्री रंगा	Shri Ranga	3032—34
श्री विभूति मिश्र	Shri Bibhuti Misra	3034
श्रीमती विमला देशमुख	Shrimati Vimla Deshmukh	
श्री सरजू पाण्डेय	Shri Sarjoo Pandey	3035—36
श्री हुकमचन्द कछवाय	Shri Hukam Chand Kachhayaiya	3037
श्री गजराज सिंह	Shri Gajraj Singh Rao	3037
श्री श्री नरायण दास	Shri Shree Narayan Das	3038
श्री हु० च० लिंग रेड्डी	Shri H. C. Linga Reddy	3038
श्री फ० गो० सेन	Shri P. G. Sen	3039
श्री बाल्मीकी	Shri Balmiki	3039
श्री दी० चं० शर्मा	Shri D. C. Sharma	3039
श्रीमती जौहराबेन चावड़ा	Shrimati Joharban Chavda	3040
खण्ड 2 से 25 तथा 1	Clause 2 to 25 and 1	3041—62
संशोधित रूप में पारित करने का प्रस्ताव	Motion to pass, as amended	3041
श्री विभूति मिश्र	Shri Bibhuti Misra	3042
श्री श्यामधर मिश्र	Shri Syam Misra	3046
विद्यार्थियों की समस्याओं तथा निरुद्ध राजनैतिक कार्यकर्ताओं के बारे में सरकार के रुख के बारे में वक्तव्य	Statement Re: Government Approach to Student Problem and detained Political Workers	3062
श्री यशवन्त चव्हाण	Shri Y. B. Chavan	3062
पेटेंट विधेयक वाद-विवाद थगित हुआ	Patents Bill - debates adjourned	3063—64
संयुक्त समिति द्वारा प्रतिवेदित रूप में विचार करने का प्रस्ताव	Motion to consider, as reported by Joint Committee	3064
श्री विभुधेन्द्र मिश्र	Shri Bibhuti Misra	
विधेयक पर वाद-विवाद स्थगित करने का प्रस्ताव	Motion to adjourn debates on Bill	3064
डा० लक्ष्मी मल्ल सिंघवी	Dr. L. M. Singhvi	3064

विषय	Subject	पृष्ठ/Pages
7 नवम्बर, 1966 को दिल्ली में घटनाओं तथा गोवध पर रोक लगाने के बारे में प्रस्ताव	Motion Re: Incidents in Delhi on 7th November and Baninng of Cow-Slaughter	3064
डा० लक्ष्मी मल्ल सिंघवी	Dr. L. M. Singhvi	3065—66
डा० गोविन्द दास	Dr. Govind Das	3066
श्री कृष्णपाल सिंह	Shri Krishnapal Singh	3071
श्री नि० चं० चटर्जी	Shri N. C. Chatterjee	3072—73
श्री हरिश्चन्द्र माथुर	Shri Harish Chandra Mathur	3073—74
श्री यशवन्तराव चव्हाण	Shri Y. B. Chavan	3075—77
श्री बारूपाल	Shri Barupal	3077
श्री नम्बियार	Shri Nambiar	3077
श्री बाकर अली मिर्जा	Shri Bakar Ali Mirza	3077
श्री जोकीम आल्वा	Shri Joachim Alva	3078
श्री वासुदेवन नायर	Shri Vasudevan Nair	3074—79
श्रीमती सहोदरा बाई राय	Shrimati Sahodra Bai Rai	3079
श्री बागड़ी	Shri Bagri	3080
श्री त्यागी	Shri Tyagi	3080
श्री अ० प्र० शर्मा	Shri A. P. Sharma	3081
श्री काशीराम गुप्त	Shri Kashi Ram Gupta	3081
श्री रघुनाथ सिंह	Shri Raghunath Singh	3081
श्री नरेन्द्र सिंह महीडा	Shri Nerandra Singh Mahida	
अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय की ओर ध्यान दिलाना	Calling Attention to Matter of Urgent Public Inportance	3067
केवल राज्य बिजली बोर्ड के निष्पादन कर्मचारियों द्वारा प्रस्तावित हड़ताल	Proposed strike of Executive Employees of Kerala State Electricity Board	3067
श्री वारियर	Shri Warrior	3067
श्री कु० ल० राव	Shri K. L. Rao	3068
कलकत्ता में प्राथमिक शिक्षा के बारे में आधे घंटे की चर्चा	Half-an-Hour Discussion Re: Primary Education in Calcutta	3069
श्री मधु लिमये	Shri Madhu Limaye	3069—70
श्री भक्त दर्शन	Shri Bhakt Darshan	3070

लोक-सभा
LOK SABHA

सोमवार, 5 दिसम्बर 1966/14 अग्रहायण, 1888 (शक)

Monday, December 5, 1966/Agrahayan 14, 1888 (Saka)

लोक-सभा ग्यारह बजे समवेत हुई ।

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.

[**अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए**
Mr. Speaker in the Chair]

केरल में बिजली के फेल होने के बारे में
RE : FAILURE OF ELECTRICITY IN KERALA

अध्यक्ष महोदय : केरल में बिजली के फेल होने के बारे में दिये गये ध्यान दिलाने की सूचना को मैंने स्वीकार कर लिया है । मंत्री महोदय कुछ समय लेना चाहते थे । अतः हम उसे छः बजे लेंगे ।

श्री शिव नारायण (बोसी) : हो सकता है उस समय गणपूर्ति न हो ।

श्री नम्बियार (तिरुचिपल्लि) : गणपूर्ति होगी ।

सभा पटल पर रखे गये पत्र
PAPERS LAID ON THE TABLE

हिन्दुस्तान इन्सेक्टिसाइड्ज लिमिटेड का वार्षिक प्रतिवेदन तथा अन्य कागजात

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री अलगेसन) : मैं निम्नलिखित पत्र सभा-पटल पर रखता हूं :

(1) (एक) कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619 क की उप-धारा (1) के अन्तर्गत हिन्दुस्तान इन्सेक्टिसाईड्ज लिमिटेड, नई दिल्ली के 1965-66 के वार्षिक प्रतिवेदन एक प्रति तथा लेखापरीक्षित लेखे ।

(दो) उक्त कम्पनी के कार्य की सरकार द्वारा समीक्षा । [**पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल० टी० 7515/66**]

परिसीमन आयोग अधिनियम के अन्तर्गत आदेश

विधि मंत्री (श्री गोपाल स्वरूप पाठक) :

श्री चे० रा० पट्टाभिरामन की ओर से मैं, पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 की धारा 25 की उप-धारा (4) द्वारा व्यवहृत रूप में परिसीमन आयोग अधिनियम, 1962 की धारा 10 की उप-धारा (3) के अन्तर्गत निम्नलिखित आदेशों की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं

(एक) हिमाचल प्रदेश के संघ राज्य क्षेत्र में संसदीय तथा विधान सभा के निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बारे में परिसीमन आयोग का आदेश संख्या 19 जो दिनांक 21 नवम्बर, 1966 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या एस० ओ० 3524 में प्रकाशित हुआ था।

(दो) पंजाब राज्य में संसदीय तथा विधान सभा के निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बारे में परिसीमन आयोग का आदेश संख्या 13 जो दिनांक 25 नवम्बर, 1966 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या एस० ओ० 3599 में प्रकाशित हुआ था।

(तीन) हरियाना राज्य में संसदीय तथा विधान सभा के निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बारे में परिसीमन आयोग का आदेश जो दिनांक 25 नवम्बर, 1966 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या एस० ओ० 3600 में प्रकाशित हुआ था। [**पुस्तकालय में रखी गई। देखिये एल० टी० 7516/66**]

अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिलिप्यधिकार (छठा संशोधन) आदेश

शिक्षा मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री भक्त दर्शन) :

मैं प्रतिलिप्यधिकार अधिनियम, 1957 की धारा 43 के अन्तर्गत अन्तराष्ट्रीय प्रतिलिप्य-धिकार (छठा संशोधन) आदेश, 1966 की एक प्रति, जो दिनांक 26 नवम्बर, 1966 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या एस० ओ० 3604 में प्रकाशित हुआ था, सभा पटल पर रखता हूं। [**पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी० 7517/66**]

अतारांकित प्रश्न में शुद्धि करने वाला विवरण

वित्त मंत्रालय में उप.मंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) :

मैं, जीवन बीमा निगम के बारे में श्री ईरा संभियान के अतारांकित प्रश्न संख्या 2057 के 11 अगस्त, 1966 को दिये गये उत्तर में शुद्धि करने वाला एक विवरण सभा पटल पर रखता हूं। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 7518/66**]

भारत-सोवियत संघ सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अन्तर्गत औषधीय पौदों के अनुसन्धान के आयोजन के अध्ययन के बारे में प्रतिवेदन

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री शिन्दे) :

श्री व० सू० मूर्ति की ओर से मैं अतारांकित प्रश्न संख्या 2983 के उत्तर में 1 दिसम्बर, 1966 को स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन उप-मंत्री द्वारा दिये गये वचन के अनुसरण में, आलयूनियन रिसर्च इन्स्टीट्यूट आफ मैडिसिनल एण्ड एरोमेटिक प्लांटस, विलार (मास्को) में औषधीय पौदों के

अनुसंधान के आयोजन और सोवियत संघ में चिकित्सा प्रायोजनों के लिए उनकी काश्त और उनके उपयोग सम्बन्धी अध्ययन के विषय में, जो डा० सी० द्वारकानाथ सलाहकार, देशी औषधि प्रणाली, स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन मंत्रालय (स्वास्थ्य विभाग), भारत सरकार, नई दिल्ली, द्वारा 14 से 29 सितम्बर 1966 तक 1966 के लिए भारत-सोवियत संघ सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अन्तर्गत किया गया था, प्रतिवेदन, की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं। [**पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी० 7519/56**]

अत्यावश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत अधिसूचना

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री शिन्दे) :

मैं अत्यावश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 की उप-धारा (6) के अन्तर्गत अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 1807 की एक प्रति, जो दिनांक 22 नवम्बर, 1966 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी, सभा पटल पर रखता हूं। [**पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी० 7520/66**]

राज्य सभा से सन्देश
MESSAGE FROM RAJYA SABHA

सचिव : मुझे राज्य सभा से प्राप्त निम्नलिखित सन्देशों की सूचना देनी है :

(एक) कि लोक-सभा द्वारा 24 नवम्बर, 1966 को पास किये गये विनियोग (संख्या 4) विधेयक, 1966 के बारे में राज्य सभा को लोक-सभा से कोई सिफारिश नहीं करनी है।

(दो) कि लोक-सभा द्वारा 24 नवम्बर, 1966 को पास किये गये विनियोग (संख्या 5) विधेयक, 1966 के बारे में राज्य-सभा को लोक-सभा से कोई सिफारिश नहीं करनी है।

(तीन) कि कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 324 (1) के अन्तर्गत प्रारूप अधिसूचना में रूपभेद करने के लिए लोक-सभा द्वारा स्वीकृत प्रस्ताव से राज्य-सभा ने अपनी 3 दिसम्बर, 1966 की बैठक में सहमति प्रकट की।

विधेयक पर राष्ट्रपति की अनुमति
PRESIDENT'S ASSENT TO BILL

सचिव : मैं, चालू सत्र में ससद् की दोनों सभाओं द्वारा पारित किये गये पुलिस बल (अधिकारों का निबन्धन) विधेयक, 1966, जिस पर 2 नवम्बर, 1966 को सभा में पिछली बार प्रतिवेदन देने में पश्चात् राष्ट्रपति की अनुमति प्राप्त हुई थी, सभा-पटल पर रखता हूं।

कीटनाशी विधेयक
INSECTICIDES BILL

संयुक्त समिति का प्रतिवेदन

श्री नरेन्द्र सिंह महीडा (आनन्द) : मैं मानव-प्राणियों या कशेरुकीय जीव-जन्तुओं के

खतरे का निवारण करने की दृष्टि से कीटनाशी के आयत, विनिर्माण, विक्रय, परिवहन, वितरण और उपयोग का विनियम करने वाले और तत्सम्बन्धित विषयों सबंधी विधेयक सम्बन्धी दोनों सभाओं की संयुक्त समिति के प्रतिवेदन की एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं ।

साक्ष्य

श्री नरेन्द्र सिंह महीडा (आनन्द) : मैं मानव-प्राणियों या कशेरुकीय जीव-जन्तुओं के खतरे का निवारण करने की दृष्टि से कीटनाशी के आयात, विनिर्माण, विक्रय, परिवहन, वितरण और उपयोग का विनियमन करने वाले और तत्सम्बन्धित विषयों सम्बन्धी विधेयक संबंधी दोनों सभाओं की संयुक्त समिति के समक्ष दिये गये साक्ष्य की एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं ।

1967 के सामान्य निर्वाचन, के कार्यक्रम के बारे में वक्तव्य

STATEMENT RE : PROGRAMME FOR GENERAL ELECTIONS, 1967

विधि मंत्री (श्री गोपाल स्वरूप पाठक) :

जैसा कि माननीय सदस्यों को विदित है, यह सदन 18 अप्रैल, 1962 को प्रथम बार अधिवेशन के लिए आहूत किया गया था, और तदनुसार, इसके पांच वर्ष कार्यकाल का अवसान 17 अप्रैल, 1967 को हो जाएगा। नागालैंड और जम्मू- कश्मीर के सिवाय, सभी राज्यों की वर्तमान विधान सभाओं की अवधि का अवसान, 1967 के मार्च मास में भिन्न-भिन्न तारीखों को होने वाला है । यद्यपि नागालैंड राज्य की विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन, मार्च, 1969 तक नहीं होता है, तथापि लोक-सभा में इसे आवंटित स्थान को भरने के लिए इस राज्य में निर्वाचन कराना पड़ेगा । जम्मू-कश्मीर में, विधान सभा की अवधि 5 अप्रैल, 1967 को समाप्त होगी ।

निर्वाचन आयोग, भारत सरकार और राज्य सरकारों से परामर्श करने के पश्चात्, इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि आगामी वर्ष में सारे देश में एक साथ होने वाले साधारण निर्वाचनों में मतदान कराने के लिए सर्वाधिक सुविधाजनक समय फरवरी का तृतीय सप्ताह होगा । तदनुसार, राष्ट्रपति और राज्यों के राज्यपालों से यह सिफारिश करने की आयोग की प्रस्थापना है कि साधारण निर्वाचनों के लिए समाहवान-अधिसूचनाएं निकालने की तारीख 13 जनवरी, 1967 हो । जिस कार्यक्रम का वह अनुसरण करना चाहता है, वह इस प्रकार है :—

नाम निर्देशनों के लिए अंतिम तारीख	20 जनवरी
नाम निर्देशनों की समीक्षा	21 फरवरी
अभ्यर्थिताएं वापिस लेने के लिए अन्तिम तारीख	23 जनवरी
मतदान	15 से 21 फरवरी

मतों की गणना और निर्वाचन फलों की घोषणा 21 और 24 फरवरी के बीच होगी । आयोग को आशा है कि इस कार्यक्रम के आधार पर, कतिपय अपवादों और उन अनवेक्षित आकस्मिकताओं को छोड़कर, जिनमें मतदान स्थगित करना पड़े, लगभग सभी निर्वाचन फल 24 फरवरी तक घोषित कर दिये जायेंगे ।

जम्मू-कश्मीर राज्य में, यह पहला अवसर होगा जब कि लोक सभा और राज्य विधान सभा के लिए एक ही साथ निर्वाचन कराए जायेंगे। अब तक, इस राज्य के लोक सभा से सदस्य, राज्य विधान-मंडल की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा नामनिर्दिष्ट किए जाते रहे हैं। निर्वाचन आयोग, जम्मू प्रान्त में उसी समय जब कि शेष भारत में भी निर्वाचन होंगे, मतदान कराने और कश्मीर प्रान्त में 19 मार्च को मतदान कराने की प्रस्थापना करता है। यह उस राज्य की विधान सभा के लिए 1962 में हुए साधारण निर्वाचन के लिए किए गए इंतजामों जैसा ही होगा।

हिमाचल प्रदेश के बारे में आयोग का विचार है कि 15 और 21 फरवरी के बीच की कालावाध के दौरान, चार संसदीय निर्वाचन-क्षेत्रों अर्थात् शिमला, हमीरपुर, कांगड़ा और मण्डी में पूर्णतः मतदान और दूसरे दो निर्वाचन- क्षेत्रों महासू और चम्बा में भी भागतः मतदान कराना संभव होगा। महासू और चम्बा संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के अन्तर्गत आने वाले लगभग 7 या 8 विधान सभा निर्वाचन-क्षेत्रों में मतदान, अप्रैल के अन्तिम सप्ताह तक मुल्तवी करना पड़ेगा, क्योंकि फरवरी के महीने में वहां बर्फ जमी रहती है। किन्तु, आयोग इन निर्वाचन-क्षेत्रों में भी अप्रैल, 1967 के अन्त तक, मतदान पूरा कराने और निर्वाचन-फल घोषित करने के लिए विशेष इन्तजाम कर रहा है जिससे कि इन निर्वाचन-क्षेत्रों से निर्वाचित सदस्य, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के निर्वाचनों में भाग ले सकेंगे।

इस कार्यक्रम के आधार पर, निर्वाचन आयोग की यह प्रस्थापना है कि राज्य विधान सभाओं के लिए निर्वाचन पूरे करने की तारीख 24 फरवरी नियत की जाए। तभी आयोग के लिए संभव हो सकेगा कि वह 25 फरवरी, 1967 को, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 73 के अधीन उस तारीख तक निर्वाचित सदस्यों के नामों की अधिसूचनाएं निकाले और तद्द्वारा राज्यों की नई विधान सभाएं सम्यक रूप से गठित हो जाएं।

जहां तक लोक सभा के लिए साधारण निर्वाचन का सम्बन्ध है, अधिकतर निर्वाचन-क्षेत्रों में निर्वाचन फल यद्यपि 25 फरवरी तक घोषित कर दिए जाने की सभाव्यता है, तथापि यह साध्य प्रतीत नहीं होता कि मार्च के उत्तरार्ध में संसद का एक छोटा सा सत्र न किया जाए। प्रस्थापना यह है कि 1957 और 1962 की ही भांति, वर्तमान लोक सभा का विघटन 31 मार्च, 1967 को ही किया जाना चाहिए जिससे कि उसे, न्यूनतम वित्तीय कामकाज संव्यवहृत करने, जैसे कि रेलवे और साधारण बजट प्रस्तुत करने और आवश्यक लेखानुदान अभिप्राप्त करने के लिए, मार्च के उत्तरार्ध में अधिवेशन के लिए आहूत किया जा सके। तदनुसार, लोक सभा के लिए साधारण निर्वाचन के पूरे होने की तारीख 31 मार्च, 1967 अधिसूचित की जाएगी और अधिनियम की धारा 73 के अधीन सम्यक गठन की अधिसूचना 3 अप्रैल, 1967 को निकाली जाएगी।

राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति की पदावधि का अवसान 12 मई, 1967 को होगा। संविधान की यह अपेक्षा होने के कारण कि नए राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के निर्वाचन उस तारीख से पहले पूरे हो जाने चाहिए, आयोग की यह प्रस्थापना है कि इन दो निर्वाचनों को लगभग 1962 के कार्यक्रम की भांति ही कराया जाए। इन दो निर्वाचनों के लिए समाह्वान-अधिसूचनाएं, 6 अप्रैल, 1967 को या उसके आसपास निकाली जाएंगी; यदि आवश्यक हुआ, तो मतदान 7 मई को

या उसके आसपास कराया जाएगा और निर्वाचन फल 10 मई, 1967 तक घोषित कर दिए जाएगे।

आप कृपया मुझे प्रस्तावित नियमों के बारे में एक वक्तव्य देने की अनुमति प्रदान करें। मैंने सभा में कहा था कि लोक प्रतिनिधित्व विधेयक को राष्ट्रपति द्वारा अनुमति दिये जाने पर मैं नियमों को सभा पटल पर रखूंगा। अतः उस विधेयक को राज्य सभा द्वारा पारित किये जाने तथा राष्ट्रपति द्वारा अनुमति दिये जाने पर मैं नियमों को सदस्यों में परिचालित करूंगा।

श्री मी० क० मसानी (राजकोट) : हिमाचल प्रदेश में चम्बा और महासू निर्वाचन क्षेत्रों में कुछ स्थानों के लिए चुनाव फरवरी में और शेष कुछ स्थानों के लिए अप्रैल में चुनाव करवाने की जो व्यवस्था की गई है, वह उचित प्रतीत नहीं होती क्योंकि यह एक व्यापक तथा स्वस्थ सिद्धान्त है कि आंशिक रूप से किये गये चुनावों के परिणामों का प्रभाव अन्य चुनावों पर नहीं पड़ना चाहिए। जैसा कि माननीय मंत्री ने वक्तव्य दिया है, उसके अनुसार तो अप्रैल तक वहां केवल आधे निर्वाचन-क्षेत्रों में ही चुनाव हो पायेंगे, यह सर्वथा अनुचित है। सभी निर्वाचन-क्षेत्रों को एक एकक मानकर एक ही अवधि में चुनाव होने चाहिए, यदि वहां सभी चुनाव अप्रैल ही में करवाये जायें, तो उससे कोई हानि नहीं होगी। अतः मंत्री महोदय को इस मामले पर पुनः विचार करना चाहिए।

श्री रंगा (चित्तूर) : मैं नहीं समझता कि 'पंगु हंस सत्र' बुलाना आवश्यक है। जम्मू तथा काश्मीर के कुछ निर्वाचन-क्षेत्रों को छोड़कर, देश के सभी निर्वाचन क्षेत्रों के चुनावों के परिणाम 25 अथवा 26 फरवरी, 1967 तक घोषित हो जायेंगे और सरकार को नई संसद की बैठक बुलाने में कोई कठिनाई नहीं होगी। मैं समझता हूं पंगु हंस (लेम डक) सत्र बुलाने जब की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि विनियोग तथा लेखानुदान सम्बन्धी चर्चा कुछ समय बाद नियमित सत्र में की जाती है तो फिर इस सत्र में भी यही चर्चा करने की क्या जरूरत है।

दूसरी बात यह है कि हमने निर्वाचन अधिकारियों के सम्बन्ध में यह सुझाव दिया है कि निर्वाचन अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारियों को नहीं बल्कि न्यायिक अधिकारियों को बनाया जाना चाहिए और वे स्थानीय अधिकारी नहीं होने चाहिए। इसी के साथ चुनावों के दौरान पुलिस में अनुशासन बनाये रखने के सम्बन्ध में भी गृह-कार्य मंत्री को कुछ सुझाव दिये गये थे जिससे कि पुलिस निष्पक्ष रूप से बर्ताव करे। मैं विधि मंत्री से इन उक्त सुझावो पर की गई कार्यवाही के बारे में जानना चाहता हूं।

श्री नम्बियार (तिरुचिरापल्लि) : क्या स्वतन्त्र तथा निष्पक्ष चुनाव करवाने की दृष्टि से निवारक निरोध तथा भारत रक्षा नियम, जो अब भी सीमान्त क्षेत्रों में लागू है, के अधीन नजरबन्द तथा गिरफ्तार किये गये राजनैतिक कैदियों को रिहा किया जायेगा ?

श्री हेम बरुआ (गोहाटी) : मैं यह जानना चाहता हूं कि :

क्या आगामी चुनावों में पाकिस्तान अधिकृत काश्मीर के स्थानों को रिक्त ही रखा जायेगा ? दूसरा यह कि क्या विधि मंत्री निर्वाचन आयोग से यह अनुरोध करेंगे कि वह मतदान केन्द्रों पर नियुक्ति अधिकारियों को यह आदेश दे कि वे अशिक्षित मतदाताओं को भली भांति यह समझा दें कि लोक-सभा तथा विधानसभा के लिए खड़े उम्मीदवारों को किस प्रकार मतदान देना है ताकि उन्हें इस सम्बन्ध में कठिनाई न हो और वे भ्रम में न पड़े ?

श्री इन्द्रजीत गुप्त (कलकत्ता दक्षिण पश्चिम) : मैं जानना चाहता हूं कि विधि मंत्री का "अप्रत्याशित घटनाओं" (अनफोरसीन कौन्टीजेन्सीज) से मतलब दैनिक घटनाओं से है या अन्य किसी प्रकार की परिस्थितियों से ; और क्या चुनावों के दौरान आपात कालीन स्थिति को हटाना उचित नहीं होगा ?

Shri Bade (Khargon) : Sir, I would like to support Shri M. R. Masani's remarks about the time-table and election and polling in Himachal Pradesh area, particularly in the Chamba and Mahasu constituencies. Secondly, I want to know whether every Parliamentary Constituency will go to the polls on the same day appointed for the purpose, as it appeared in the Press to-day; and if so, whether it will be possible for the Government to conduct elections and complete the polling in one day only in the vast area of Madhya Pradesh to which I belong ?

डा० लक्ष्मी मल्ल सिंघवी (जोधपुर) : पांच साल पहले सरकार ने यह आश्वासन दिया था कि वह "पगु हंस (लेम डक) सत्र" बुलाने के प्रश्न पर फिर से विचार करेगी और वह, यथा संभव इस सत्र को न बुलाने का प्रयत्न करेगी । इस मामले पर अभी तक न तो कोई कानूनी सलाह ली गई है और न ही संसद की राय मालूम की गई है । अतः मैं जानना चाहता हूं कि क्या इस सम्बन्ध में कुछ किया गया है अथवा कुछ करने का विचार है ?

श्री त्यागी (देहरादून) : मेरा केवल एक अनुरोध है यदि मंत्री महोदय विधेयक के पारित किये जाने से पूर्व इन नियमों को सदस्यों में परिचालित कर दे और सदस्यों से सुझाव मांग लें, तो नियमों को अन्तिम रूप देने से पहले उन्हें उनके बारे में प्रतिक्रिया मालूम हो जायेगी ।

श्री भागवत झा आजाद (भागलपुर) : मैं अपने इस सुझाव पर फिर से जोर दूंगा कि पंगु हंस सत्र की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि नई संसद का सत्र मार्च के उत्तरार्ध में बुलाया जा सकता है । दूसरी बात जिस पर कि सदस्यों ने विशेष तौर पर जोर दिया है, यह है कि चुनाव सुव्यवस्थित तथा शान्तिपूर्ण ढंग से आयोजित करवाये जायें और उसके लिए निर्वाचन आयोग के माध्यम से आवश्यक वातावरण तैयार करवाया जाये ।

Dr. Ram Manohar Lohia (Farrukhabad) : Sir, the Minister in his Statement has referred to "unforeseen contingencies" which might require postponement of the poll, I want the hon. Minister to clarify the position as to whether by unforeseen contingencies he means famine conditions or anything else ?

श्री दीनेन भट्टाचार्य (सेरामपुर) : मैं श्री इन्द्रजीत गुप्त के इस सुझाव का पूर्णतः समर्थन करता हूं कि चुनावों के दौरान आपात कालीन स्थिति को हटा लिया जाना चाहिए । पश्चिम बंगाल में चुनावों के दौरान माइक्रोफोन के प्रयोग पर प्रतिबन्ध है । सरकार को पश्चिम बंगाल सरकार से यह कहना चाहिए कि वह इन प्रतिबन्धों को हटाये ।

जहां तक प्रस्तावित नियमों का सम्बन्ध है, क्या सरकार इन नियमों को हर व्यक्ति के लिए यथोचित अवधि के भीतर उपलब्ध कराने की व्यवस्था करेगी क्यों कि वर्तमान सदस्यों के अलावा अन्य लोग भी चुनाव लड़ रहे हैं ?

श्री दी० च० शर्मा (गुरदासपुर) : जहां यक महासु तथा चम्बा में बाद में एक साथ चुनाव करवाने का सम्बन्ध है, मैं समझता हूं कि यह निर्णय राज्य सरकार को परामर्श करने के बाद लिया गया है, इसलिए इस निर्णय के विरुद्ध शिकायत का कोई प्रश्न नहीं है ।

कई सदस्यों ने पंगु हंस सत्र को अनावश्यक बताया है । वर्तमान लोकसभा की अवधि 17 अप्रैल, 1967 को समाप्त होती है । पिछले अवसरों पर यह सत्र होता रहा है और जिसका उद्देश्य लेखानुदानों की मांगों पर चर्चा करना तथा उन्हें स्वीकृत करना है । अतः मैं समझता हू कि इसे समाप्त नहीं किया जाना चाहिए ।

Shri Yashpal Singh (Kairana) : Sir, I want to know from the hon. Law Minister whether he has given any consideration to the fact that the sphere of obligations of M. Ps and M. L. As. differs and they have to discharge duties of different nature, and if so, whether he would like to consider the proposal to conduct the elections for Lok Sabha and State Assemblies on different dates and not simultaneously so that fair and impartial elections could be held in the country ?

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : हमारा यह अनुभव है कि कानपुर, अहमदाबाद तथा बम्बई जैसे औधोगिक शहरों में श्रमिक वर्ग के लिए चुनावों में भाग लेना तब तक संभव नहीं होता जब तक कि चुनाव या तो रविवार को आयोजित न किये जायें या फिर चुनाव-तिथि को वेतन सहित छुट्टी घोषित न किया जाये क्योंकि रविवार के अलावा अन्य दिनों में उन्हें काम पर गये बिना मजूरी नहीं मिल सकती । इसलिए विधि मंत्री से मेरा अनुरोध है कि वह कम से कम औद्योगिक नगरों में किसी रविवार को चुनाव करवाने की व्यवस्था करें या फिर चुनाव वाले दिन को "वेतन सहित छुट्टी" घोषित करें ।

दूसरी बात यह है कि चुनाव के दौरान धारा 144 लागू नहीं रहती चाहिए और हमें स्वतंत्र रूप से चुनाव- आन्दोलन चलाने की अनुमति मिलनी चाहिए ।

Shri Jagdev Singh Sidhanti (Jhajjar) : I have a submission to make Candidates should immediately be supplied with the lists of voters who are serving in the army; so that one may make adequate arrangement. Secondly I would like to know whether it is proper to write one's alias along with his name while filling in the nomination form ?

श्रीमती सावित्री निगम (बांदा) : मैं यह जानना चाहती हूं कि शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष तथा स्वतंत्र चुनाव करवाने के लिए सभी राजनैतिक दलों के सुझावों तथा सिफारिशों को ध्यान में रखकर एक चुनाव संहिता तैयार करने का जो सुझाव कुछ दिन पूर्व 'प्रश्न काल' में दिया गया था उस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है ? मेरा एक सुझाव यह है कि देश के पिछड़ेपन को ध्यान में रखते हुए महिला मतदाताओं के लिये कुछ विशेष व्यवस्था की जानी चाहिए ।

Shri Priya Gupta (Kathiar) : Polling Stations are generally located at distant places and the voters find it very difficult to reach there particularly in the absence of roads, paths etc. I, therefore request that elaborate arrangements should be made to locate these polling stations at convenient places, so that they may come to these booths and exercise their vote.

Secondly, I will request the Law Minister to remove all restrictions, bans on public meetings etc. during the period of elections.

Shri Bibhuti Mishra (Motihari) : Sir, the List of voters should be supplied to the Election/Presiding Officers instead of the candidates contesting the elections and necessary orders should also be issued to the Officers Presiding over the polling booths to educate the voters in regard to the polling-schedule, the ballot paper etc. and details of the programme of the election should be made known to the voters by the Government in advance.

Secondly, the hon. Minister has just said that he will circulate the rules after the Bill is passed; I will request him to make arrangements to get these rules translated in

all the regional languages also, so that every voter in the country may understand them.

Shri Maurya (Aligarh) : Sir, during elections pressure is exerted on millions of Kissans in rural areas to cast their votes in favour of a particular candidate. So steps should be taken by the Government to see that free, impartial and peaceful elections are held in the country in nice way. Secondly, arrangements should be made by the Government to educate the voters in regard to the polling machinery and the polling schedule. Provision for elaborate arrangements should be made for the voters to come and exercise their vote and the details of the programme of the election should be made known to the country. The Government should not try to influence the voters so that we have free and fair elections. Section 144 should be lifted and public meetings should be allowed during the elections so that candidates could Campaign freely.

My last point is about civil liberties and release of those persons who have been arrested and detained under D. I. R. candidates particularly like Shri Rameshwara Nand and others should be released on bail so that they may contest the elections freely.

Shrimati Sabodra Bai Rai (Damoh): Sir, the areas of Maroona, Bhind, Gwalior, Chhattarpur, Pauna etc. in Madhya Pradesh are the haunting places of dacoits. These areas are very insecure and during the election time adequate security measures are necessitated to enable the women voters to cast their votes.

I repudiate the charge levelled by Shri Maurya that pressure is exerted by Congress during the elections. At most of the places in Madhya Pradesh Congress candidates are elected unopposed.

Shri Gulshan (Bhatinda) : On account of the division of Punjab many changes are necessitated in the voters which may be done. Due to the division of Punjab many sitting Members have been deprived of their right to vote. Their names have gone in the list of other areas. They should have the right to cast their votes.

Arrangements should also be made for the Indians abroad to cast their votes.

Shri Bagri (Hissar) : The foundation of democracy in our country is not very strong and that is the reason that the independent candidates have full and complete freedom to contest elections. No candidate should be allowed to contest election as an independent candidate, particularly for Lok Sabha.

Regarding the use of loud-speakers I am to urge that the present fee of Rs. 5 should be dispensed with and either the obtaining of prior permission for the use of loud speakers should not be made necessary or the permission should be granted immediately. I also demand that Swamy Rameshwaranand should be released.

श्री द्वा० ना० तिवारी (गोपाल गंज) : लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अन्तर्गत लोक सभा तथा विधान सभाओं के चुनावों के लिये उम्मीदवारों द्वारा किये जाने वाले खर्च की सीमा निर्धारित की गई है। किन्तु उम्मीदवार इस सीमा से कहीं अधिक खर्च करते हैं अतः मेरा अनुरोध है कि मंत्री महोदय चुनाव आयोग को हिदायत दें कि वह इस बात का ध्यान रखें कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अन्तर्गत निर्धारित खर्च की सीमा का पूर्ण रूप से पालन किया जाये।

Shrimati Kamla Choudhury (Hapur): There should be different election symbols of independent candidates contesting election for the Lok Sabha and the Legislative Assemblies because the same symbol both for the Lok Sabha and Legislative Assemblies creates confusion for voters.

Shri Tulsidas Jadav (Nanded): Due to long ques at polling stations ladies have

to wait there for several hours to cast their votes. Therefore, different timings should be fixed for different wards.

Shri Vishram Prasad (Lalgang) : One Parliamentary constituency consist of 5 to 8 seats of Legislative Assemblies and polling is held simultaneously for all of them. It would be better if polling is held for two seats in one day.

Shri Madhu Limaye (Monghyr) : Will the Congress Governments all over India tender their resignation so as to hold inpartial elections as has been done in Goa by Bandodkar ministry for conducting opinion poll.

विधि मंत्री (श्री गोपाल स्वरूप पाठक) : मैंने कल जो वक्तव्य दिया था वह निर्वाचनों के संचालन से सम्बन्धित था न कि कार्यक्रम से ।

श्री प्रिय गुप्त : तब उत्तर न दीजिए ।

अध्यक्ष महोदय : यह सदस्यों के चुनाव से सम्बन्धित है और आज इस सभा का अन्तिम दिन है इसलिए मैंने सदस्यों को प्रश्न पूछने की अनुमति दे दी ताकि उसके द्वारा दिये गये सुझाव निर्वाचन आयोग को भेजे जा सकें ।

श्री गोपाल स्वरूप पाठक : मैं कार्यवाही वृतान्त की एक प्रति निर्वाचन आयोग को भेज दूंगा ताकि वह सदस्यों द्वारा दिये गये सुझावों पर विचार कर सके ।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम का संशोधन करने वाले विधेयक पर इस सभा में चर्चा के समय इस समय उठाये गये मामलों पर चर्चा हो चुकी है । अतः उनके बारे में मुझे कुछ नहीं कहना है ।

मैं एक-दो मामलों पर ही प्रकाश डालूंगा । पंगु हंस सत्र के बारे में कई विचार व्यक्त किये गये हैं । इस सत्र को न बुलाने में व्यावहारिक कठिनाइयां हैं । पहले भी यह सत्र हुआ करता था । हिमाचल प्रदेश में कुछ भागों में चुनाव के समय हिम रहेगा अतः वह चुनाव स्थगित करने पड़े है । निर्वाचन आयोग ने स्थानीय परिस्थितियों तथा अन्य सभी मामलों पर विचार करके यह कार्यक्रम तैयार किया है ।

जम्मू तथा काश्मीर के सम्बन्ध में प्रश्न उठाया गया है कि क्या पाकिस्तान अधिकृत क्षेत्रों के लिये स्थान सुरक्षित किये जायेंगे । संविधान के अन्तर्गत, जिसके अनुसार संसद के लिये चुनाव होते हैं, यह संभव नहीं है ।

Shri Ram Sewak Yadav : The hon. Minister has not said any thing about unforseen contingencies.

श्री गोपाल स्वरूप पाठक : अनपेक्षित परिस्थितियों का उल्लेख लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में किया गया है । उसके बाहर कोई अनपेक्षित परिस्थितियां नहीं हैं ।

कनाडा से खाद्य सहायता के बारे में वक्तव्य
STATEMENT RE : FOOD AID FROM CANADA

खाद्य, कृषि सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्री (श्री चि० सुब्राहमण्यम) : मैं प्रसन्नता के साथ सभा को सूचित करता हूं कि कनाडा की सरकार ने 31 मार्च, 1967 को समाप्त होने वाले चालू वित्तीय वर्ष के दौरान भारत सरकार को 2 करोड़ 10 लाख डालर की तथा 1 अप्रैल, 1967 को आरम्भ होने वाले अगले वित्तीय वर्ष के दौरान 5 करोड़ डालर की खाद्य सहायता देने की

घोषणा की है इस धन की व्यवस्था हो जाने से कनाड़ा से 9 लाख टन गेहूं प्राप्त किया जा सकेगा और इससे हमें आने वाले महीनों में खाद्य समस्या को हल करने में बड़ी सहायता मिलेगी । इस संकट के समय में हमारी सहायता करने के लिये भारत सरकार की ओर से मैं कनाडा की सरकार का आभारी हूं ।

कच्ची रुई की साधारण स्थिति के बारे में वक्तव्य पर प्रश्न

QUESTIONS ON STATEMENT RE : RAW COTTON SUPPLY SITUATION

Shri Madhu Limaye (Monghyr): Mr. Speaker, the hon. Minister has stated in his statement that he has averted the closure of mills and now these mills will remain closed only once a week. But he has not given any indication that how long will it take to improve the cotton situation. Otherwise these mills will remain closed for 53 days in a year. He has also stated that there will be no increase in the prices of controlled categories of cloth of mass consumption but he has not thrown any light on it that to what extent the prices of uncontrolled cloth will be increased. What is the real position about it ?

वाणिज्य मंत्री (श्री मनुभाई शाह) : जहां तक प्रश्न के पहले भाग का सम्बन्ध है, यह ठीक ठीक बता सकना कठिन है कि कितने समय तक जबरी छुट्टी चलेगी, किन्तु मुझे आशा है कि आगामी कुछ सप्ताहों में रुई फसल हो जाने पर स्थिति में सुधार हो जायेगा । हम फिर स्थिति का पुनरीक्षण करेंगे । सरकार का पक्का विचार है कि कम से कम दिन मिल बन्द रहे । जहां तक प्रश्न के दूसरे भाग का सम्बन्ध है, निगरानी रखने के अतिरिक्त, हम कानूनी तौर पर अनियंत्रित कपड़े के मूल्यों को नियंत्रित नहीं कर सकते हैं । अतः मैं सभा को आश्वासन देता हूं कि नियंत्रित कपड़े के मूल्य नहीं बढ़ेंगे :

श्री इन्द्रजीत गुप्त (कलकत्ता दक्षिण पूर्व) : वक्तव्य में कहा गया है कि रुई का अधिकतम मूल्य 5 प्रतिशत बढ़ाया जायेगा । क्या इस वृद्धि का लाभ उत्पादकों को होगा ? यदि ऐसा होगा तो ठीक है । किन्तु यदि इसका लाभ रुई के उन व्यापारियों को होगा जिन्होंने पहले से स्टॉक जमा कर रखे हैं, तो उन्हें मुनाफा कमाने देने के अतिरिक्त इसका और क्या उद्देश्य है ?

श्री मनुभाई शाह : इस वर्तमान वृद्धि का लाभ प्रायः उत्पादकों को होगा । अभी तक उत्पादकों ने बाजार में अपनी फसल व्यापारियों के हाथ नहीं बेची है । मूल्य बढ़ाये जाने से वे बढ़े हुए मुल्य पर अपनी फसल बेचेंगे जिससे वर्तमान संकट के दूर हो जाने की आशा है ।

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य ने यह भी पूछा है कि जिन लोगों ने पहले से स्टाक जमा कर रखे हैं उसका क्या होगा ।

श्री मनुभाई : बहुत कम स्टाक जमा हैं । यदि अधिक मात्रा में स्टॉक जमा होते तो हम उन्हें अधिग्रहण कर लेते ।

Shri Bade (Khargon): According to the press statement of Shri Kulkarni the scarcity of cotton is like the wolf cry when there is not even a lamb. May I know whether Government propose not to stick at the ceiling price ? The cotton is not coming in the market. The mill owners are trying to bring down the prices of cotton.

श्री मनुशाई शाह : वक्तव्य का पहला भाग बिल्कुल गलत है। कपास उत्पादन वाले क्षेत्रों में उत्पादकों को सामान्य अधिकतम मूल्य से अधिक मूल्य दिया जाता है।

श्री नरेन्द्र सिंह महीडा : भारत मे अन्य देशों की तुलना में प्रति एकड़ सबसे कम कपास पैदा होती है। 1960-61 और 1963-64 में प्रति एकड़ उत्पादन में 10 पौंड की वृद्धि हुई जबकि पाकिस्तान, संयुक्त अरबगण राज्य तथा अमरीका में यह वृद्धि क्रमशः 46 पौंड, 34 पौंड और 71 पौंड हुई। कम उपज के क्या कारण हैं तथा सरकार का विचार प्रति एकड़ उपज बढ़ाने के क्या कार्यवाही करने का है ?

श्री मनुभाई शाह : खाद्य तथा कृषि मंत्री इस ओर ध्यान दे रहे हैं। भारत की कपास की समस्या का हल उत्पादन बढ़ाकर ही हो सकता है।

श्री नम्बियार : क्या सरकार को पता है कि जबरी छुट्टी से मजदूरों को मजूरी की हानि होती है और क्या सरकार प्रबन्धकों पर इस बात के लिये जोर डालेगी कि मजदूरों की किसी अन्य प्रकार से सहायता देकर उनकी क्षतिपूर्ति की जाये।

श्री मनुभाई शाह : सहायता की कोई संभावना नहीं है। यह संकट थोड़ा थोड़ा सभी को झेलना पड़ेगा। किसी क्षेत्र में एक साथ कई दिन तक मिल बन्द होने से बेरोजगारी की संभावना थी। इसीलिये हमने यह व्यवस्था की है।

Shri D. S. Patil (Yeotmal): May I know that when the ceiling price of cotton was fixed and whether with a view to increase the production per acre the ceiling price is to be fixed before the Sowing seasons because the prices of imported cotton are very high ?

श्री मनुभाई शाह : पिछले पांच वर्षों में हमने तीन बार कपास के अधिकतम मूल्यों में पर्याप्त वृद्धि की है। इस समय कपास का अधिकतम मूल्य संसार में प्रायः सबसे अधिक है। इसके बावजूद भी हम उत्पादकों को लाभ पहुंचाना चाहते हैं। इसलिये हमने फसल के आरम्भ में अधिकतम मूल्य की घोषणा की। पिछले २० वर्षों में हमने यह असाधारण कदम उठाया है जबकि हमने फसल के बीच में अधिकतम मुल्य की घोषणा की और अधिकतम मूल्य में पांच प्रतिशत वृद्धि की।

Shri Hukam Chand Kachhavaiya (Dewas): May I knew whether Government's attention has been drawn to this fact that the cotton of inferior quality is purchased at lower rates from the growers and the same is sold at rate of superior quality of cotton and may I also know whether Government will ensure that the farmers are not paid less price.

Shri Manubhai Shah: It may happen in some areas where the growers are not well organised. But on the whole such things generally do not happen and remunera tive prices are paid to the growers.

Shri Tulsidas Jadav (Nanded): Growers are not getting remunerative price of cotton today because its price is very low. Therefore I submit that the price of cotton should be raised so that its production may be increased and more cotton may be availableto the mills. May I know why the Government do not take necessary steps to increase the production of Cotton and also to increase the price cotton superfine cloth ?

Shri Manubhai Shah: We have already raised the price of cotton to the extent that prices of cloth in India are very high. Only increase in the prices of cotton does not increase the production. We have to adopt technically changed and intensive

cultivation in order to increase the production. So far as the superfine cloth is concerned, we have increased the prices by five per cent.

Dr. Ram Manohar Lohia (Farrukhabad) : From the earlier statement of the Minister, it appears that the mills would be closed for only 15 days or for a lesser period but the Minister has deviated from his earlier stand. I want to know the reason for this change. We should endevour to fulfil the demand of the masses as also to increase the export.

श्री मनुभाई शाह : पहले सारे देश में कपड़ा मिलों को 15 दिन के लिये बन्द करने का प्रस्ताव था जिससे एक वर्ष में 6 प्रतिशत से 15 प्रतिशत तक कपड़े का कम उत्पादन होता। इस लिए हमने पहले के प्रस्ताव के अनुसार बन्द किये जाने की अविधि को यथासंभव कम करने का प्रयत्न किया है। पहले प्रस्ताव के अनुसार 70 लाख व्यक्ति पन्द्रह दिन के लिए बेरोजगार हो जाते और 70 हजार व्यक्ति साल भर बेरोजगार रहते। हमने यह प्रस्ताव बिल्कुल भी नहीं माना।

हम इन मिलों का आधुनिकीकरण करने का यथासंभव प्रयत्न कर रहे हैं। किन्तु हमारी भी कुछ व्यवहारिक कठिनाइयां हैं। अविकसित देश एक साथ सभी योजनाओं को आरम्भ नहीं कर सकते हैं। आधुनिकीकरण का कार्य आरम्भ किया गया है और वह धीरे धीरे कार्यक्रम के अनुसार पूरा किया जायेगा।

श्री श्यामलाल शर्राफ (जम्मू तथा काश्मीर) : क्या मिलों को नियमित रूप से रूई देने के लिये कोई कार्यवाही की गई है ताकि हम अपने कपड़े के निर्यात को बनाये रख सकें एवं उसमें वृद्धि कर सकें तथा देश की जनता को उचित मूल्य पर उसकी आवश्यकता के अनुसार कपड़ा दे सकें।

श्री मनुभाई शाह : इस लिये उस कपड़े पर आंशिक नियंत्रण रखा है जिसे जनसाधारण उपयोग में लाते है। निर्यात का इससे कोई सम्बन्ध नहीं है। उसके बारे में हम पृथक रूप से विचार कर रहे हैं।

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) मंत्री महोदय ने कहा है कि औद्योगिक विकास अधिनियम की धारा 25-5 के अनुसार सभी कर्मचारियों को सामान्य जबरी छुट्टी प्रतिकर दिया जायेगा। क्या किसी केन्द्रीय मजदूर संघ ने यह सुझाव दिया था कि हमें पता नहीं है कि रुई की कमी के कारण मिलें कितने दिन तक बन्द रहेगी अतः मिलमालिकों से कहा जाये कि वे पूरी मजूरी और जबरी छुट्टी-भत्ता दे ? क्या मंत्री महोदय को पता है कि कानपुर स्थिति लक्ष्मी रतन कॉटन मिल्स तथा न्यू विक्टोरिया मिल्स के बारे में कोई निर्णय नहीं किया गया है। ये मिलें बन्द होने जा रही हैं। क्या इनके बारे में कोई निश्चित निर्णय किया गया है ?

श्री मनुभाई शाह : मजदूरों को पूरी मजदूरी देना सभव नहीं है। उन्हें औद्योगिक विकास अधिनियम के अन्तर्गत देय जबरी छुट्टी प्रतिकर दिया जायगा। इस प्रकार के मत प्रकट किये गये थे। हमने उस पर विचार किया था और यह निर्णय किया कि समाज के विभिन्न वर्गों पर बोझ डालना संभव नहीं है।

लक्ष्मी रतन कॉटन मिल्स के बारे में जांच समिति नियुक्त की जा चुकी है और उसका प्रतिवेदन शीघ्र प्राप्त हो जायेगा। जहां तक न्यू विक्टोरिया मिल्स का सम्बन्ध है। हम इस बात का यथासंभव प्रयत्न कर रहे हैं कि वर्तमान प्रबन्धक अथवा कोई अन्य नये प्रबन्धक इस मिल को यथाशीघ्र चालू करें।

श्री दी० च० शर्मा (गुरदासपुर) : मंत्री महोदय ने कहा है कि कुछ मिलों के पास आवश्यकता से अधिक स्टाक है। इन फालतू स्टॉक को उनसे लेकर उन मिलों को देने के लिये क्या कार्यवाही की गई है जिनके पास स्टाक की कमी है ?

श्री मनुभाई शाह : सारा फालतू स्टॉक उनसे लेकर उन मिलों को दे दिया गया है जिनके पास माल की कमी है ?

Shri Sarjoo Pandey (Rasra): It has been reported that the mills have increased the prices of cotton yarn. May I know what steps has been taken to bring down the prices of cotton yarn ?

Shri Manubhai Shah : On the one hand we are asked to impose control and on the other hand to do way with control.

श्री महेश्वर नायक (मयूरगंज) : यह सराहनीय बात है कि मंत्री महोदय की सद्भावना से कपड़ा मिलों का बन्द होना टल गया है। मैं जानना चाहता हूं कि मिलों को बन्द करने से उनके स्टाक की स्थिति में सुधार कैसे होगा। दूसरी बात यह है कि उत्पादकों की देय मूल्य में पांच प्रतिशत वृद्धि की गई है और इसके साथ साथ यह निर्णय किया गया है यदि रुई बाजार में न आई तो उसे उत्पादकों से खरीद लिया जायेगा। इससे उत्पादकों को किस प्रकार लाभ होगा ?

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न के पहले भाग का उत्तर दिया जा चुका है।

श्री मनुभाई शाह : यदि वर्ष का हिसाब लगाया जाये तो रुई की 16 प्रतिशत अर्थात् 11 लाख गांठ की बचत होगी। किन्तु मैंने पहले ही सभा को आश्वासन दिया है कि हमारा ऐसा विचार नहीं है। जैसे ही मांग और पूर्ति बराबर हो जायेगी तो हम सप्ताह में एक दिन मिलों को बन्द नहीं करेंगे।

श्री दीनेन भट्टाचार्य (सेरामपुर) : क्या यह सच नहीं है कि कपड़ा तथा जूट के मिलों के मालिक तथा बड़े व्यापारी बनावटी संकट उत्पन्न करके उपभोक्ताओं तथा मजदूरों पर दबाव डालते हैं और विभिन्न मजदूर संघों के प्रतिनिधियों से बातचीत करने पर अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस के प्रतिनिधि ने इस प्रकार के उपाय का कड़ा विरोध किया और यदि मिलों को बन्द करना आवश्यक ही है तो मजदूरों को पूरा प्रतिकर दिया जाना चाहिए ?

श्री मनुभाई शाह : मैंने बार बार सभा को आश्वासन दिया है कि यह कठिनाई कृत्रिम नहीं है अपितु वास्तविक है क्योंकि सितम्बर में देर में वर्षा होने के कारण फसल अच्छी नहीं हुई। अतः इस मामले में मैं सभा का सहयोग चाहता हूं प्रस्ताव के किसी भाग का विरोध करने के स्थान पर सभी सम्बन्धित पक्षों ने सहयोग दिया और उनके सहयोग से यह हल निकला है। अब इसे कार्य रूप देना हमारा काम है ताकि संकट का प्रभाव कम से कम हो।

अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस ने मांग की है कि जिन दिनों मिलें बन्द रहेंगी उन सभी दिनों की पूरी मजूरी दी जाये। अन्य मजदूर प्रतिनिधियों ने भी इसी प्रकार के प्रस्ताव रखे हैं। इन प्रस्तावों पर अच्छी तरह विचार विमर्श करके अन्त में यह हल निकाला गया कि बन्द दिनों की आधी मजूरी दी जाये।

श्री हु० चा० लिंग रेड्डी (चिकबलपुर) : मैसूर राज्य के बंगलौर नगर में मिनर्वा मिल्स और मैसूर मिल्स छः महीने से बन्द पड़ी हैं और इससे लगभग 7000 मजदूरों को हानि पहुंची है। उन्हें जबरी छुट्टी की अवधि की मजदूरी नहीं दी गई है। यद्यपि राज्य सरकार ने 60 लाख रुपये

की गारंटी दी है, फिर भी प्रबन्धक इन मिलों को फिर चालू करना नहीं चाहते है। अतः क्या केन्द्रीय सरकार इन मिलों को अपने हाथ में लेगी ?

श्री मनुभाई शाह : मैसूर की इन दो मिलों की समस्या संतोषजनक ढंग से हल की जा चुकी है। राज्य सरकार ने एक मिल को 55 लाख रुपये की और दूसरी मिल को 67 लाख रुपये गारंटी दी है। ये गारंटी भारत के स्टेट बैंक तथा मैसूर के अन्य बैंकों के माध्यम से दी जायेगी। ये दोनों मिले शीघ्र चालू हो जायेंगी।

ध्यान दिलाने वाली सूचना के बारे में (प्रश्न)

RE : CALLING ATTENTION NOTICES (QUERY)

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : आज इस सत्र का अन्तिम दिन है। मैंने एक बहुत महत्व पूर्ण मामले के बारे में जिसका कि न केवल प्रतिरक्षा मन्त्रालय अपितु सारी भारत सरकार से संबंध है एक ध्यान दिलाने वाली सूचना दी थी। जैसा कि आपको ज्ञात है हिन्दुस्तान एयरोनोटक्स कानपुर में 45 दिन तक हड़ताल रही थी। इसके बाद हमारे तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय के सद्भाव पूर्ण प्रयत्नों के कारण हड़ताल खत्म करने को सहमत हो गये थे। उस समय श्रमिकों को यह स्पष्ट आश्वासन दिया गया था कि उनके विरुद्ध कोई अनुचित कार्यवाही नहीं की जायेगी, परन्तु फिर भी 30 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया है तथा लगभग 100 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है। मैं मंत्री महोदय से अनुरोध करूंगा कि वह इस सम्बन्ध में सारे मामले पर पुनर्विचार करें और सभा में वक्तव्य दें ताकि कानपुर में ऐसी हड़ताल को पुनः होने से बचाया जा सके, क्योंकि वहां स्थिति बड़ी विस्फोटात्मक है। इस मामले को हिन्दुस्तान एयरोनोटक्स पर नहीं छोड़ा जाना चाहिये।

अध्यक्ष महोदय : मैं स्थिति का पता लगाऊंगा।

मंत्रियों पर लगाये गये आरोपों की जांच के बारे में

RE : ENQUIRY INTO ALLEGATIONS AGAINST MINISTERS

Shri Madhu Limaye (Monghyr): Mr. Speaker, today is the last day of this Session. During this Lok Sabha Session some allegations have been made against the Ministers. The allegations have been made againptSharvshri Manubhai Shah, Sachindra Chaudhari, Patil and Swaran Singh. The Ministers have said that the allegations made against them are all baseless and unfounded. But mere repudiation of allegations does not serve any purpose. A thorough enquiry should be made in these allegations so that it may he found out whether the allegations are correct or baseless, because mere repudiation by the Minister does not prove that the allegations are baseless. The term of this Lok Sabha is coming to an end and it would not be appropriate that four or five cases may be left undecided. So you have been kind enough to give a ruling that a Committee would be appointed by you after consulting the necessary papers. So I want to submit that a Committee be appointed and that Committee should have the right to hear us as well as the Ministers against whom allegations have been made and give their decision after thorough examination, so that the country may know whether there is any reality in these allegations or not.

Shri Tyagi (Dehra Dun): You have made the allegations in this House. If you make these allegations out side, it will itself be decided whether the allegations are correct or baseless.

Shri Madhu Limaye : Dr. Lohia has accepted their challenge.

श्री हेम बरुआ (गोहाटी) : महोदय, मैंने आपके पास श्री मधु लिमये द्वारा लिखा हुआ एक पत्र भेजा था, जिसमें मंत्रियों के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाये गये हैं। मुझे याद है कि जब श्री लाल बहादुर शास्त्री हमारे प्रधान मंत्री थे तो उन्होंने कहा था कि जब कभी मंत्रियों के विरुद्ध आरोप लगाये जायेंगे, भारत का प्रधान मंत्री उनकी जांच करेगा। अतः मैं आशा करता हूं कि आप वर्तमान प्रधान मंत्री को इन आरोपों की जांच करने का अनुरोध करेंगे क्योंकि स्वयं मंत्रियों के हित में संसद सदस्यों के हित में और अध्यक्ष महोदय आपके भी हित में यह है कि इनके बारे में कुछ स्पष्टीकरण दिया जाये। यदि प्रधान मंत्री इन आरोपों की जांच नहीं करती तो आप इस सभा की एक समिति नियुक्त करें, जो कि इन आरोपों की जांच करे।

Dr. Ram Manohar Lohia (Farrukhabad) : Mr. Speaker, I want to make certain corrections in the proceedings of the House under rule 380. I am not suggesting any correction in the matter concerning Shri Subramaniam, but you have said that matter is under your consideration. But I want to suggest two corrections. On Friday an hon. Member called me lier, but when I used the words which I am just going to tell you, you expunged them.

Mr. Speaker : If the words have been expunged from the proceedings, the hon. Member should not repeat them here again and he should himself think whether it would be proper to repeat those words which have been expunged.

Dr. Ram Manohar Lohia : Kindly listen to me first. Yesterday you had observed that you would bring before the House the words which would be expunged.

Mr. Speaker : If I would have expunged any word, I must have brought that before the House. But as no word has been expunged; there was no question of informing the House.

Dr: Ram Manohar Lohia : You have expunged certain words. I am not going to repeat them. But I want to say this much that the business of our House is conducted more or less in accordance with the business of British Parliament. I want to tell you that the word 'hapny tapny minister' is considered as an unparliamentary or indecent word there. There is no difference between the word "hapny tapny Minister" and the word "Doe Kodi Ka Minister." They are one and the same thing. If you do not allow the word "Doe Kodi Ka Minister" to be included in the proceedings, the result would be that it would not be clear, what I wanted to say.

Mr. Tyagi has said why the allegations which are made here are not made outside I want to tell him that these allegations had been made outside also at least fifty times and I could not understand why prosecution has not been launched against us.

Mr. Speaker : What can I say in this regard as to why prosecution has not been launched against you ?

Dr. Ram Manohar Lohia : My second point is that while Privilege motion was being discussed here on Saturday and I was making a speech some hon. Members shouted upon me "Shame Shame". They used the words "Shame Shame', then I said "How shameless persons they are". But the words used by me have been expunged. After all when they have got the right to shout "Shame, shame" upon me, then I have also got the right to remark. How shameless they were. Moreover they were pointing out to a particular person and I have used the words in general sense only. So my request is that both these words be included in the proceedings of the House.

Mr. Speaker : There is no necessity for the inclusion of these words. Dr. Lohia is at liberty to use the words he likes. If exception is taken by me at any time he says that I could not understand and it may also be possible that I may not be able to

understand a few words. It does not look nice to say such words for a Minister or a Member. It is not dignified to use such words as hapny tapny Minister etc. Members should respect each other and they should use dignified words, because it would enhance their prestige and the prestige of the House also.

I had requested Dr. Lohia to present any other additional papers in support of his allegations against Appeeje Shipping Company. Whatever paper he had given here have been studied by me and I dont see any justification in appointing a Committee to go into the allegations against any Minister.

श्री रंगा (चित्तूर) : मैं अध्यक्ष महोदय के इस कथन से सहमत हूं कि सदस्यों को चाहिये कि वे एक दूसरे को सम्मान दें, इज्जत दें और आदर से बुलायें। परन्तु साथ ही मैं कहना चाहता हूं कि जैसा कि हम सब को विदित है नियमों के अन्तर्गत मंत्रियो को विशिष्ट स्थान दिया गया है और जब वे चाहें आपकी अनुज्ञा से वक्तव्य दे सकते हैं।

सन्थानम समिति का प्रतिवेदन पेश किया गया था तथा बहुत सी अन्य बातें हुयी थीं। सन्थानम समिति ने कुछ सिफारिशें की थी तथा तत्कालीन प्रधान मंत्री श्री नेहरू ने कहा था कि जब ऐसी शिकायतें सामने आयें तो वे उनकी जांच करेंगे और तदुपरान्त एक पद्धति अपनाई गई है। इसके उपरान्त स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री ने इस पद्धति में और भी सुधार किया था और उन्होंने कहा था कि जब कभी ऐसी शिकायतें आये तों उन्हें सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अथवा इसी पद के किसी अन्य व्यक्ति को सौंपा जाना चाहिये। इसके कुछ परिणाम भी निकले हैं और इसके परिणाम स्वरूप श्री नि० ति० कृष्णामचारी को मंत्री-पद त्यागपत्र देना पड़ा, क्योंकि वह अनौपचारिक जांच का भी मुकाबला नहीं कर सके थे।

श्री त्यागी : जी नहीं, उन्होंने मंत्री पद से त्याग पत्र इस लिये दिया था, क्योंकि वह समझते थे कि उनके मंत्री पद पर बने रहने से उचित जांच नहीं हो सकेगी।

श्री रंगा : जी नहीं, वह चाहते थे कि प्रधान मंत्री उनमें पूरा विश्वास जाहिर करें, और यदि प्रधान मंत्री उनमें पूरा विश्वास जाहिर करते तो उनके विरुद्ध लगाये गये आरोपों की उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की राय जानने के लिये भेजने का कोई प्रश्न नहीं उठता था।

मैं बड़े जोरदार शब्दों में यह कहना चाहता हूं कि सारे राष्ट्र के मतानुसार ही राष्ट्रीय नीति बननी चाहिए । सारे देश की यह मांग है कि अखिल भारतीय स्तर पर गोवध पर प्रतिरोक लगाया जाना चाहिये । अतः इस मांग को स्वीकार न करके सरकार जनमत की उपेक्षा कर रही है । इस तर्क में कोई बल नहीं है कि इसके लिये संविधान में संशोधन करना पड़ेगा क्योंकि संविधान में पहले भी 23 बार संशोधन किया जा चुका है । सरकार को विश्व भर में यह घोषणा करने का अधिकार नहीं है कि संवैधानिक अधिकार को अभिव्यक्ति देने के लिये संविधान को नहीं बदला जा सकता । यह तथ्य कि केन्द्रीय सरकार राज्य सरकारों के मामले में अपनी असमर्थता दिखा रही है गोवध पर अखिल भारतीय स्तर पर रोक लगाने की मांग को कार्यान्वित करने के लिये पर्याप्त कारण है ।

गोवध पर प्रतिरोक लगाने की बजाय सरकार राज्य सरकारों से उस कानूनों पर पुन-विचार करने के लिये कह रही है जो उन्होंने गोवध निषेध के सम्बन्ध में बनाना हैं । ऐसी बातों को देखते हुए हम कैसे कह सकते हैं कि सरकार गोवध पर प्रतिरोक लगाने की बात को सिद्धान्त रूप से स्वीकार करती है । सारे देश की यह मांग है कि गोवध पर अखिल भारतीय स्तर पर रोक लगाया जाना चाहिये तथा मेरा यह निवेदन है कि लोकतंत्रात्मक सरकार को लोगों की इस प्रार्थना को स्वीकार करना चाहिये ।

मैं 7 नवम्बर की घटनाओं के बारे में भी दो एक बातें कहूंगा । ऐसा कहा गया है कि प्रदर्शन के आयोजकों ने ही वास्तव में हिंसक कार्यवाहियां की थीं । परन्तु सचाई यह है कि इसके लिये सरकार ही दोषी है । जो घटनायें हुई हैं वे प्रदर्शन के आयोजकों की गलती से इतनी नहीं हुई हैं, जितनी प्रशासन द्वारा कानून और व्यवस्था बनाये रखने के सम्बन्ध में की गई गलतियों से हुई हैं ।

मैंने श्रीमती इन्दिरा गान्धी को लिखा था कि देश के कुछ बड़े-बड़े कुछ नेताओं का जीवन

खतरे में है परन्तु मुझे खेद के साथ कहना पड़ता है कि इस समस्या पर गहराई से विचार नहीं किया गया है।

आज लोगों को बड़ी संख्या में नजरबन्द किया जा रहा है। परन्तु सरकार को उन्हें नजरबन्द करने का साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहिये। यदि सरकार को कानून के अधीन चलना है तो उसे देश के समक्ष उन व्यक्तियों के विरुद्ध साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहिये जिन्हें वह लगातार नजरबन्द कर रही है अन्यथा उन लोगों को तुरन्त छोड़ दिया जाना चाहिये। मैं सभा का ध्यान इस ओर भी आकृष्ट करना चाहता हूं कि 7 नवम्बर की घटनाओं में मारे गये व्यक्तियों के शवों का किस प्रकार विसर्जन किया गया है। एक व्यक्ति का शव तो उसके परिवार को भी नहीं दिया गया। जोधपुर के श्री झूमर लाल यहां आये हुए थे। वह जोधपुर रेलवे में उच्चाधिकारियों में से एक थे। प्रदर्शन में भाग लेने वाली महिलाओं को बचाने का प्रयत्न करते समय श्री झूमर लाल को चोटें लगी और वह मारे गये। उनके शव को उनके लड़के ने देखा परन्तु उसे अधिकारियों ने गायब कर दिया। मैं यह जानना चाहता हूं कि ऐसा दुरव्यवहार करने के लिये कौन उत्तरदायी है। क्या ऐसी सरकार अपने आप को लोकतंत्रात्मक सरकार कहने की हकदार है। सरकार के लिये यह शर्म की बात है। देश के अच्छे नाम पर यह धब्बा है। लोकतंत्र के नाम पर यह धब्बा है। सामान्य दुर्घटनाओं में भी मृत व्यक्तियों का ब्यौरा दिया जाता है परन्तु इस मामले में शवों को रफादफा कर दिया गया परन्तु उनका ब्यौरा नहीं दिया गया। यह बहुत अनुचित एवं अलोकतांत्रिक बात है।

सरकार को लोगों की गोवध पर रोक लगाने की मांग को सिद्धान्त रूप से स्वीकार कर लेना चाहिये। लोगों की भावना को इस प्रकार उभारा गया है कि यदि इस मांग को स्वीकार न किया गया तो गड़बड़ी अवश्य होगी। यदि यह मांग स्वीकार न की गई तो और भी बहुत सी बातें होगी क्योंकि यह एक राष्ट्रीय मांग है जिसे संवैधानिक परमादेश का समर्थन प्राप्त है। मुझे आशा है कि वह अपने उत्तर में हमारी इस मांग को स्वीकार करेंगे। मैं उनसे यह भी आशा करता हूं कि वह मेरे उस संशोधन को भी स्वीकार करेंगे जिसमें, मैंने 7 नवम्बर की घटना और मृत व्यक्तियों के शवों तथा उनसे सम्बन्धित जानकारी को छिपाकर सरकार द्वारा किये गये कदाचार के सम्बन्ध में एक निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

Dr. Govind Dass (Jabalpur): I attach great importance to the ban on cow slaughter. I am of the view that it is not at all a communal question. Had this been a communal question then the leaders like Mahatma Gandhi, Dr. Rajinder Prasad and Vinobha Bhave would not have supported it. I am a member of the congress for the last forty years and can tell to the House that there are many congressmen who are of the view that ban on cow slaughter is very essential. I am also of the view that this matter should not be left to the states alone and the centre should take the initiative. I think that for this purpose we will have to amend the constitution. But we should not mind it because we have already done so twenty three times. There is a general demand of the country that there must be a ban on cow slaughter. So, we should not hesitate to amend it even for the twenty fourth time. Because now since it is the fag end of the session and an amendment Bill can not be introduced in the House. Government should at least declare that they accept the policy of ban on cow slaughter in principle. In the states where ban on cow slaughter has not been imposed it should be imposed without any further delay. Government should also declare cow as our national animal just as peacock has been declared as our national bird. I would also

appeal to the people that keeping in view the present position of the country they should not launch agitation and would also appeal to the government that they must declare their policy.

Shri Bagri (Hissar): On a point of information. There are army guards instead of policemen on Lok Subha gates.

उपाध्यक्ष महोदय : वह बिना पुकारे ही बोलते जा रहे हैं। यह कार्यवाही वृतांत में सम्मलित नहीं किया जायेगा।

श्री बागड़ी : * *

अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय की ओर ध्यान दिलाना
CALLING ATTENTION TO A MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

केरल राज्य बिजली बोर्ड के निष्पादन कर्मचारियों द्वारा प्रस्तावित हड़ताल
PROPOSED STRIKE OF EXECUTIVE EMPLOYEES OF KERALA STATE ELCTRICITY BOARD

श्री वारियर (त्रिचूर) : मैं सिंचाई और विद्युत मंत्री का ध्यान (निम्नलिखित) अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर दिलाता हूं और प्रार्थना करता हूं कि वे इस सम्बन्ध में एक वक्तव्य दें :

'केरल राज्य बिजली बोर्ड के कार्यकारी कर्मचारियों की 7-12-66 से प्रस्तावित हड़ताल'

सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० कु० ल० राव) :

केरल राज्य बिजली बोर्ड कार्यकारी कर्मचारी संघ ने 18-11-1966 को केरल राज्य बिजली बोर्ड के अध्यक्ष को यह नोटिस दिया था कि वे 6-7 दिसम्बर की अर्धरात्री से अपनी मांगों को पूरा कराने के लिये हड़ताल करने का विचार रखते हैं। इस संघ में लाइन हेल्पर से लेकर जूनियर तक कर्मचारियों की 76 श्रेणियां हैं। मुख्य मांगे ये हैं (1) वेतन क्रम बदला जाए, जीवन निर्वाह सूचकांक के अनुसार महंगाई भत्ता दिया जाए, बोनस और अन्य प्रकार के विविध भत्ते और रियायतें दी जाएं। 30 नवम्बर, 1966 को केरल के श्रम आयुक्त ने समझौते के लिए एक बैठक बुलाई थी, पर उन प्रयासों से कोई समझौता न हो सका। बोर्ड के कार्यकारी कर्मचारी 3-10-1966 को सामूहिक रूप से आकस्मिक छुट्टी पर चले गए।

राज्य सरकार से 4 दिसम्बर, 1966 को प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार बिजली के कुछ कनैक्शनों को काट दिया गया। राज्य सरकार ने सूचना दी है कि जल पूर्ति कार्यों के बिजली के कनैक्शनों के त्रिवेन्द्रम, क्विलान, काट्टायम, अलवे और चौवरा जैसे कई स्थानों में काट दिया गया।

3 दिसम्बर, 1966 और 4 दिसम्बर, 1966 को समझौते के लिए की गई बैठकों के परिणामस्वरूप कोई समझौता नहीं हो सका। राज्य सरकार से और ब्यौरा प्रतीक्षित है।

* * कार्यवाही वृतांत में सम्मिलित नही किया गया।

**NOT RECORDED.

यह बड़ा दुर्भाग्य है कि केरल राज्य में जिसने गत कुछ वर्षों के दौरान बिजली की कमी से बड़ा नुकसान उठाया है और जिसने हमेशा होने वाले इस नुकसान से अभी ही छुटकारा पाया था, फिर दुबारा बोर्ड के कार्यकारी कर्मचारियों द्वारा की गई कार्यवाही से नुक्सान उठाया। इस अवसर पर कार्यकारी कर्मचारियों से मैं यह अपील करता हूं कि वे 7 दिसम्बर 1966 से होने वाली अपनी प्रस्तावित हड़ताल को देश के हित में न करें। परस्पर सदभावना और सहयोग से केरल राज्य बिजली बोर्ड और कार्यकारी कर्मचारी संघ के लिए यह सम्भव होना चाहिए कि वे किसी समझौते पर पहुंच जाएं। इस मामले में हो रही प्रगति पर केन्द्रीय सरकार पूरा ध्यान रखने का प्रयत्न करेगी।

श्री वारियर (त्रिचूर) : समाचार पत्रों में कल यह छपा था कि पूरे केरल राज्य में कहीं भी बत्तियां नहीं जल रही हैं। क्या यह सच है ? क्या कार्यकारी कर्मचारियों के संघ ने सरकार से समझौते के लिये तीन महीने पहले ही अनुरोध किया था और बोर्ड इस दिशा में कुछ प्रगति करने में विफल रहा है ?

डा० कु० ल० राव : बातचीत विफल होने का कारण अन्तरिम राहत की मांग थी। यह एक ऐसा विषय है जिस पर और अधिक विचार करने की जरूरत है। मैं केरल के सदस्यों से यह अनुरोध करूंगा कि वे कार्यकारी कर्मचारियों की हड़ताल को समाप्त करवायें। साथ ही सिंचाई और विद्युत मंत्रालय भी इस विवाद को हल करने में यथा सम्भव सहायता करेगा।

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : सभा से अपील करने के अतिरिक्त सरकार ने ऐसे और क्या कदम उठाये हैं जिनसे समझौते की दिशा में कोई प्रगति होती ?

डा० कु० ल० राव : श्री बनर्जी ने वास्तव में यह एक बड़ा ही अच्छा सुझाव दिया है मैं उनका समझौता कराने के लिये किसी अधिकारी को भेजने की कोशिश करूंगा परन्तु इस मामले में पहल तो केरल सरकार को ही करनी होगी। मैंने केरल सरकार से टेलीफून पर सम्पर्क स्थापित करने का प्रयास किया था परन्तु दुर्भाग्य से सम्पर्क न हो सका।

श्री वासुदेवन नायर (अम्बलपुजा) : यह खेद की बात है कि केरल राज्य बिजली बोर्ड के अध्यक्ष ने कर्मचारियों पर तोड़-फोड़ का आरोप लगाया है। संघ के महा सचीव ने इसका जोरदार खंडन किया। इस प्रकार से स्थिति बड़ी नाजुक हो गयी है। ऐसी स्थितिमें क्या सरकार अन्तरिम राहत सम्बन्धी प्रश्न को हल करने के लिये पहल करेगी ?

डा० कु० ल० राव : इस समय मेरे लिये यह उचित न होगा कि मैं इस मामले में मध्यस्थता करूं। परन्तु मैं किसी अधिकारी को यहां भेजने की कोशिश करूंगा।

श्री नम्बियार (तिरूचिरापल्ली) : मैं इस विषय पर मंत्री महोदय की भावनाओं का स्वागत करता हूं। परन्तु क्या सरकार बोर्ड के अध्यक्ष से यह कहेगी कि वह कर्मचारियों पर लगाया हुआ आरोप वापिस ले ले और क्या सरकार अन्तरिम राहत के प्रश्न पर समझौते के लिये कोई कार्यवाही करेगी जिससे हड़ताल न हो सके ?

डा० कु० ल० राव : मैंने अपने वक्तव्य में केवल यही कहा है कि बिजली के कनक्शनों में कुछ गड़बड़ी हो गयी थी। मैंने किसी पर भी कोई आरोप नहीं लगाया है।

श्री इम्बीचिबावा (पोन्नानि) : *

*मलयालम भाषा में।

श्री नम्बियार : मैं उनके प्रश्न का अंग्रेजी अनुवाद करता हूं। स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए क्या माननीय मंत्री केरल जाकर, कर्मचारियों से हड़ताल न करने का आग्रह करेंगे जिससे कि हड़ताल टल जाये।

डा० कु० ला० राव : मेरे विचार से माननीय सदस्य का वहां मुझसे अधिक प्रभाव है वे इस संबंध में अधिक कारगर कार्यवाही कर सकते हैं।

श्री बड़े (खारगोन) : संघ द्वारा नोटिस तीन महीने पहले ही दे दिया गया था, परन्तु इस अवधि में उनसे समझौता क्यों नहीं किया गया। केरल में वर्तमान स्थिति पैदा करने की जिम्मेदारी किस पर है ? क्या सरकार इस सम्बन्ध में पूचताछ करेगी ?

डा० कु० ल० राव : मैं इस सम्बन्ध में पूछताछ करूंगा।

Shri Hukam Chand Kachhavaiya (Dewas) : This dispute has been prolonging for the last four or five months. May I know why this has not been settled during this period ? What is the amount of loss sustained by the Board on account of this tampering. Will you make an enquiry into it ?

डा० कु० ल० राव : मैं इसकी पूछताछ करूंगा कि समझौता करने में देरी क्यों हुई है। जहां तक हानि का सम्बन्ध है, इसकी ठीक जानकारी मुझे नहीं है। मेरे विचार से कोई खास बात वहां नही हुयी थी।

कलकत्ता में प्राथमिक शिक्षा*

PRIMARY EDUCATION IN CALCUTTA

उपाध्यक्ष महोदय : अब श्री मधु लिमये कलकत्ते में प्राथमिक शिक्षा के बारे में आधे घटे की चर्चा शुरू करें। गृह-कार्य मत्री का वक्तव्य इसके पश्चात् होगा।

श्री श्रीनारायण दास (दरभंगा) : वाद-विवाद के समाप्त होने पर यह आधे घंटे की चर्चा ली जाय।

उपाध्यक्ष महोदय : आध घंटे की चर्चा एक निश्चित समय पर लेनी होती है। अतः यह चर्चा 6 बजे ही ली जायेगी।

श्री रघुनाथ सिंह (वाराणसी) : मैं यह प्रस्ताव करता हूं कि मधुलिमये द्वारा उठाये जाने वाली आधे घंटे की चर्चा मत्री महोदय के वक्तव्य पर चर्चा के समाप्त् होने के बाद ली जाय। यह मेरा निश्चित प्रस्ताव है। सभा की भी यही राय है कि आधे घंटे की चर्चा को स्थगित किया जाय।

उपाध्यक्ष महोदय : यह प्रस्ताव जब तक स्वीकार नहीं किया जा सकता जब तक कि श्री मधु लिमये यह नहीं कहते कि वह आधे घंटे की चर्चा नहीं उठायेंगे।

Shri Madhu Limaye Monghyr : Today I am raising this Half-an-Hour Discussion regarding the Primary Education in Calcutta. It has been stated in our Constitution that the State shall endeavour to provide within a period of ten years from the commencement of this Constitution, for free and compulsory education for all children until they

* आधे घंटे की चर्चा
*Half an hour Discussion

complete the age of fourteen years. Now a period of 16 years has elapsed but this constitutional promise has not yet been fulfilled. According to a report submitted by J. P. Naik I guess that in a big city like Calcutta only 60% of children receive primary education and there is no arrangement for the remaining 40% of children. Moreover 28% of school-going children receive in Municipal and Govt, schools and 72% of them go to private schools. Is it not a thing to be ashamed of for West Bengal Govt ? During a period of 10 years only two Govt Schools have been opened in Calcutta city. As regards the per capita expenditure on education; it is about Rs. 2.50 in Calcutta, the most important and biggest city of India.

It is also worth seeing that where lies the responsibility for primary education. This is a dispute which has been continuing for the last 19 years. State Govt. hold Local Self-Govt. institutions responsible for it, while they throw it back on the shoulders of State Govt. It has been stated in our Constitution that primary education is a subject of State List. So this responsibility goes to State Govt. At the same time Central Govt. cannot shirk its responsibility in this respect. In accordance with entry 20 of list 3 Central Govt. is also responsible for social and economic planning. Education is closely related with social or economic policies of the country.

We highly talk of socialism. But in this sphere of education private institutions are growing up rapidly. Even in Calcutta 72 percent of School going children receive education in private institutions and only 28 percent children go to Municipal schools. Moreover, there is no arrangement for giving education to 40 percent of the total population of school-age children. In view of this it can be said that the talk of establishing a socialistic pattern of society is nothing but a farce. This is the position of primary Education in Calcutta.

श्री दीनेन भट्टाचार्य (सेरामपुर) : क्या सरकार को कलकत्ता निगम और राज्य सरकार के बीच प्राथमिक शिक्षा पर खर्च के सम्बन्ध में चल रहे झगड़े के बारे में जानकारी है और क्या सरकार ने ऐसी कोई योजना बनायी है जिससे राज्य सरकार 14 वर्ष तक के सभी बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा देने का प्रबन्ध करें।

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : क्या माननीय मंत्री यह जानते है कि कलकत्ते में बड़े बड़े उद्योगपतियों द्वारा कॉनवेंट और मांटेसरी स्कूल खोले जा रहे हैं जिनका उद्घाटन मुख्य मन्त्री तथा अन्य मन्त्रियों द्वारा किया जाता है। यदि हां तो क्या केन्द्रीय सरकार ने राज्य सरकार को ऐसी हिदायत दी हैं कि ऐसे स्कूलों को न चलने दिया जाय।

Shri Bagri : May I know the number of such Ministers, whose children are getting education in foreign countries.

The Deputy Minister in the Ministry of Education (Shri Bhakt Darshan) : I thank the honourable member, as he has been able to draw the attention of the House to this most important matter. It has drawn the attention of the Government as well as of the country towards this matter. I admit that it has not been possible to provide free and compulsory education as provided under the Constitution. But efforts are being made in this regard. In 1951, 43 percent children of the country were going to schools, whereas in 1956 this percentage went up to 53 percent and ultimately this has reached 80 percent in 1960. I assure the House that the efforts in this direction will be intestified and special steps will be taken under the Fourth five year plan. I also admit that the situation regarding Primary education in the Corporation area of Calcutta is very bad. We had also some consultations with the State Government in this regard. It is hoped that there will be some improvement.

I also want to point out that there are at present 3.40 lakhs children in the age group of 6—11 years in Calcutta. 62 percent of them go to schools. We are trying to put pressure on the West Bengal Government and on the Calcutta Corporation to take necessary action in this regard so that matters may improve. It is also under consideratoin that some law on this subject may be enacted and implemented as soon as possible.

Due to our pressure the Calcutta Corporation is conducting educational survey. We have asked the Corporation to prepare a scheme and submit it to the State Government. We have also suggested them to consider the levy of an education cess, if it is necessary for the purpose of introducing free and Compulsory education. It is also proposed that State Government should spend Rs. 2 crores for the spread of Primary education in Greater Calcutta. We hope that there will be considerable improvement in this matter in the coming five years.

Shri Madhu Limaye (Monghy): This has not been replied that whether 72 percent of the boys have to pay their fees.

Shri Bhakt Darshan : I admit that it is correct.

नवम्बर, 1966 को दिल्ली में हुई घटनाओं तथा गोबध पर रोक लगाने के बारे में प्रस्ताव

MOTIONS RE: INCIDENTS IN NEW DELHI ON THE 7TH NOVEMBER 1966 AND BANNING OF COW SLAUGHTER.—CONTD.

उपाध्यक्ष महोदय : अब हम गोबध पर चर्चा करेंगे ।

श्री कृष्णपाल सिंह (जलेसर) : यह खेद की बात है कि इस बिषय पर यहां चर्चा हो रही है । और यह इससे भी खेद की बात है कि देश के तीन प्रमुख सन्त श्री शकंराचार्य, स्वामी करयात्री और ब्रह्मचारी प्रभु दत्त इस मामले में अपनी जान की बाजी लगा रहे हैं । यह भी दुर्भाग्य का बात है कि देश में गोबध पर रोक लगाने के पक्ष में बहुमत होने पर भी सरकार निश्चय करने में हिचकिचा रही है । वह केवल कुछ तकनीकी बात पर अड़ रही है कि यह मामला राज्यों से सम्बन्ध रखता है और संविधान के अनुसार वह इस तरह का कोई कानून बना नहीं सकती । यदि ऐसा है भी तो संविधान में संशोधन किया जा सकता है । इससे पूर्व भी तो सविधान 23 बार संशोधन हो चुका है । इस बारे में तो रास्ता कोई श्री चटर्जी जैसे संविधान के पंडितों को ही बताना चाहिए ।

मैंने इस बारे में वकीलों से परामर्श किया है, सरकार चाहे तो कोई संशोधन विधेयक प्रस्तुत कर सकती है, परन्तु अब लोक सभा स्थगित हो रही है । ऐसी स्थिति से सरकार राष्ट्रपति से अनुरोध कर सकती है कि वह एक आदेश प्रख्यायित करे । आशा करनी चाहिए कि सरकार इस बारे में राष्ट्रपति से कार्यवाही करने के लिए कहेंगी । यदि इसे भावना का ही प्रश्न माना जाय तो भावनाओं का ही मानव जीवन में बड़ा महत्वपूर्ण स्थान होता है । इस मामले में तो भावनायें बड़ी प्रबल है । आर्थिक दृष्टि से भी गौ का मूल्य उपेक्षा करने वाला नहीं

है और वैसे भी खेती की दृष्टि से बैलों से खेती ट्रेक्टरों से सस्ती होती है। बैलों के गोबर से ईंधन और खाद भी मिलता है ।

मैं एक कृषक हूं और मैंने ट्रेक्टर का प्रयोग छोड़ दिया है, क्योंकि कृषि के लिये बैलों का प्रयोग आर्थिक दृष्टि से अधिक लाभप्रद है। बैलों से ट्रेक्टरों की अपेक्षा अधिक अच्छी खेती की जा सकती है। मैं समझता हूं कि जो लोग अर्थशास्त्र का अध्ययन कर रहे हैं, वे अन्ततः यह फैसला देंगे कि खेती के लिये बैलो का प्रयोग अधिक लाभप्रद है ।

अतः मैं समझता हूं कि यह परमावश्यक है कि केन्द्रीय सरकार को भावनात्मक एवं आर्थिक दृष्टिकोण से भी गो-हत्या पर प्रतिबन्ध लगाया जाये ।

श्री नि० चं० चटर्जी (बर्दवान) : महोदय, मैं सभा को सूचित करना चाहता हूं कि इस महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा करते समय हमें एक बहुत ही दुखद समाचार प्राप्त हुआ है और वह यह है कि स्वामी शंकाराचार्य की हालात बहुत ही गंभीर है और उनका स्वास्थ्य बहुत तेजी से बिगड़ता जा रहा है। अतः मैं प्रार्थना करता हूं कि हमें अब इस समस्या के आर्थिक पहलू, खेती संबंधी पहलू तथा जनसंख्या के दबाव आदि के प्रभाव पर बहस करने में समय नष्ट नहीं करना चाहिए। भारत के उच्चतम न्यायालय द्वारा की गई विधि व्याख्या से यह बिल्कुल स्पष्ट हो गया है कि गो-हत्या पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाया जा सकता है। बिहार राज्य के बिरुद्ध क्वीरेसी के मुकद्मे में भारत के मुख्य न्यायाधीश एस० आर० दास ने निर्णय दिया था कि संविधान के अनुच्छेद 48 के उपबन्धों के अन्तर्गत गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाया जा सकता है। अतः मैं गृह मंत्री से प्रार्थना करता हूं कि वह आज एक निश्चित तथा स्पष्ट वक्तव्य दें ताकि एक बहुत बड़ी दुखद घटना को घटित होने से बचाया जा सके। स्वामी शंकाराचार्य, जिसकी करोड़ों हिन्दू पूजा करते हैं का जीवन खतरे में है, उनके बहुमूल्य जीवन की रक्षा की जानी चाहिये ।

श्री गुलजारी लाल नन्दा द्वारा गृह मंत्री का पद छोड़ने के बाद जनता में यह धाराणा फैल गई है कि सरकार की नीति में परिवर्तन हो गया है। गृह-मंत्री को यह बिल्कुल स्पष्ट करना चाहिये कि वह श्री गुलजारी लाल नन्दा द्वारा दिये गये स्पष्ट वक्तव्य से पूर्णतः सहमत है और उसे क्रियान्वित करने के लिये कार्यवाही करेंगे। उन्हें कहना चाहिये कि जहां तक संघ राज्य क्षेत्रों का सम्बन्ध है गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाने के लिये शीघ्र ही विधान लाया जायेगा। मेरी एक राज्य के मुख्य मंत्री से बात-चीत हुई थी तथा उनका विचार था कि विधि इस बारे में स्पष्ट है और यदि गृह मंत्री चाहे तो गोहत्या पर पूर्ण-प्रतिबन्ध लगाया जा सकता है। गृह मंत्री को यह पूर्णतः स्पष्ट करना चाहिये कि वह इस बारे में शीघ्र कार्यवाही करेंगे ।

जहां तक कुछ ऐसे राज्यों का सम्बन्ध है जिनमें उस प्रकार का विधान लागू नहीं किया गया है, गृह मंत्री ने हमें आश्वासन दिया था कि उन्होंने कुछ कार्यवाही की है। कुछ राज्यों ने उनकी बात को माना है तथा कुछ राज्य आनाकानी कर रहे हैं। इसलिये मैं चाहता हूं कि इस सम्बन्ध में शीघ्र कार्यवाही की जाये तथा उन राज्यों को सहमत किया जाये। यदि एक स्पष्ट वक्तव्य दिया जाता है कि कम से कम ऐसे मामलों में, जहां केन्द्रीय सरकार तुरन्त कार्यवाही कर सकती है, कोई आनाकानी नहीं की जायेगी, तो मुझे पूर्ण विश्वास हैं कि स्वामी शंकराचार्य तथा अन्य महान सन्तों के जीवन की रक्षा की जा सकती है ।

गाय को हमारे इतिहास में विशेष स्थान दिया गया है। हिन्दु संस्कृति में इसका बहुत बड़ा महत्व है। जैसा कि आप सब को मालूम है कि जम्मू तथा काश्मीर राज्य में भी यह विधान बनाया गया है और सब मुसलमान उसका आदर करते हैं। अतः सरकार को इस बारे में कोई हिचकचाहट नहीं करनी चाहिए और यह स्पष्ट वक्तव्य दिया जाना चाहिए कि गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाया जायेगा। उच्चतम न्यायालय ने यह घोषित किया था कि संवैधानिक एव विधि सम्बन्धी उपबन्धों के अन्तर्गत गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाया जा सकता है। संघ राज्य क्षेत्रों के बारे में जहां गृह मंत्री स्वयं कार्यवाही कर सकते हैं यह स्पष्ट वक्तव्य दिया जाना चाहिये कि शीघ्र कार्यवाही की जायेगी। कुछ राज्यों ने यह मान लिया है कि गोहत्या पर प्रतिबन्ध होना चाहिये और कुछ अभी आनाकानी कर रहे हैं। अतः उन्हें रास्ते पर लाने के लिये तुरन्त कार्यवाही की जानी चाहिये।

यदि ये कार्यवाहियां की जाती हैं तो मुझे विश्वास है कि इससे स्थिति बिल्कुल स्पष्ट हो जायेगी और करोड़ों व्यक्तियों की धार्मिक भावनाओं का आदर किया जायेगा। मैं कहता हूं कि वर्तमान भारत के महानतम सन्तों के जीवन की रक्षा की जाये। भगवान न करे, यदि उनके मूल्यवान जीवन को कुछ होगा तो इसके इतने भयंकर परिणाम होंगे कि किसी भी कानून के अन्तर्गत स्थिति को काबू में नहीं रखा जा सकेगा।

अतः मैं पुनः अनुरोध करता हूं कि गृह मंत्री यह बिलकुल स्पष्ट वक्तव्य दें कि वह श्री नन्दा द्वारा दिये गये स्पष्ट वक्तव्य से सहमत है और उसे क्रियान्वित करने के लिये शीघ्र कार्यवाही करेंगे।

[श्री सोनावने पीठासीन हुए
Shri Sonavane in the Chair]

श्री हरिश्चन्द्र माथुर (जालौर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैंने अपना संशोधन इसलिये प्रस्तुत किया है ताकि इन वाद-विवादों के निश्चित परिणाम तथा उद्देश्य हो सकें।

श्री नि० चं० चटर्जी ने उच्चतम न्यायालय के निर्णय के उद्धरण प्रस्तुत करके जो विधि व्याख्या हमारे समक्ष रखी है वह निर्विवाद एवं सर्वमान्य हैं। वास्तव में कुछ राज्यों ने यह कार्यवाही पहले ही की हुई है।

यह कहा गया है कि गोहत्या पर रोक लगाने के लिये एक केन्द्रीय विधान होना चाहिये। परन्तु यह स्वीकार किया गया है कि गोहत्या पर रोक सम्बन्धी केन्द्रीय विधान संविधान में संशोधन किये बिना नहीं बनाया जा सकता। यह भी कहा गया है कि जब संविधान में 23 संशोधन किये जा चुके हैं, तो 24वां संशोधन करने में क्या आपत्ति है। परन्तु हमें यह समझ लेना चाहिये कि संविधान में संशोधन करने के लिये हमें राज्यों को अपने साथ मिलाना होगा, क्योंकि इसकी कार्यान्विति राज्य सरकारों पर निर्भर करती है।

यह सुझाव दिया गया है कि इस सम्बन्ध में राष्ट्रपति द्वारा अध्यादेश जारी किया जाना चाहिये। मैं समझता हूं कि राष्ट्रपति इस सम्बन्ध में अध्यादेश जारी नहीं कर सकते हैं। रष्ट्रपति को वे अधिकार प्रान्त नहीं हो सकते, जो इस सभा को प्राप्त नहीं हैं। राष्ट्रपति को केवल वे ही अधिकार प्राप्त हैं जिनका अनुमोदन इस सभा में किया जा सकता है। अतः राष्ट्रपति द्वारा अध्यादेश जारी करने का कोई प्रश्न नही है।

हमें इस सारे मामले पर उचित ढंग से विचार करना चाहिये। हमारे संविधान में बहुत से निदेशक सिद्धान्त हैं और मैं समझता हूं कि इस निदेशक सिद्धान्त पर सबसे अधिक कार्यवाही की गई है। शराब बन्दी अथवा प्राथमिक शिक्षा से सम्बन्धित निदेशक सिद्धान्तों पर हमने क्या कार्यवाही की है। मैं इस मामले के महत्व और अविलम्बनीयता को समझता हूं। हमें केवल लाभ हानि के आधार पर ही नहीं सोचना चाहिये।

लोगों की भावनाओं की उपेक्षा नहीं की जा सकती। हम मानव हैं और ऐसे समाज में रहते हैं जहां भावनाओं का आदर किया जाता है। परन्तु साथ साथ हमें उन भावनाओं में नहीं बह जाना चाहिये।

जहां तक भारत का सम्बन्ध है हमारी अर्थ व्यवस्था गाय पर आधारित है। आज के जैट विमान के युग में भी हम सोचते हैं "हमारे देश में दूध दही और शहद की नदियां बहें।" यह निश्चित है कि हमारी अर्थ व्यवस्था गाय पर आधारित है। वैज्ञानिक युग में भी खेती के लिये पशु पालन आवश्यक है। इसी संदर्भ में निदेशक सिद्धान्त बनाये गए थे। भूतपूर्व गृह मंत्री श्री नंदा ने बहुत स्पष्ट एवं निश्चित वक्तव्य दिया था। सरकार इस विषय पर भूतपूर्व गृह मंत्री द्वारा दिये गये वक्तव्य पर पूर्ण रूप से अमल करेगी। हालांकि यह आश्वासन देना गृह मंत्री का कार्य है तथापि मैं कहता हूं कि उस नीति में बिल्कुल कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। वास्तव में, इस दिशा में और भी आगे कार्यवाही की गई है। राजस्थान में गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबन्ध है। अब उन्होंने राज्य से गाय के निर्यात पर भी पाबन्दी लगा दी है। इसके लिए मैं राजस्थान सरकार को बधाई देता हूं।

गोहत्या पर प्रतिबन्ध लगाने के लिये हमें सक्रिय कार्यवाही करनी चाहिये और हमें उचित तरीका अपनाना चाहिये। हमारा तरीका रचनात्मक होना चाहिये। यदि हम गोहत्या पर प्रतिबन्ध चाहते हैं, तो धर्म गुरुओं को अपने आन्दोलन वापस ले लेने चाहियें। यह गोहत्या बन्द किये जाने के हक में होगा कि आन्दोलन वापिस ले लिये जायें, ताकि शांतिमय और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सक्रिय उपाय किये जा सके। आशा है कि गृह-मंत्री इस मामले में कोई कसर नहीं उठा रखेंगे।

गोहत्या पर रोक की जिम्मेदारी राज्यों पर डालने के बारे में, मैंने जानबूझकर अपने संकल्प में यह स्पष्ट कर दिया है कि केन्द्रीय सरकार इस बारे में सक्रिय कार्यवाही करेगी यह सच है कि गोहत्या पर रोक राज्य के सहयोग से लगाई जायेगी, परन्तु मैंने विशिष्ट उद्देश्य से ये शब्द रखे है कि केन्द्रीय सरकार "ठोस कार्यवाही" करेगी।

हमें एक दूसरे पर आरोप लगाने अथवा राजनैतिक लाभ उठाने के बजाय समस्या की जड को समझना चाहिये। मैं इसमें से कोई राजनैतिक लाभ नहीं उठाना चाहता हूं। मैं माननीय गृह कार्य मंत्री से अपील करूंगा कि वह इस संशोधन को स्वीकार करें। मैं सभी सम्बन्धित व्यक्तियों से भी अपील करता हूं कि वे आन्दोलनात्मक दृष्टिकोण छोड़ दे मुझे आशा है कि सभा एकमत होकर इस संकल्प को पारित कर देगी।

सभापति महोदय : यह अच्छा होगा यदि माननीय सदस्य मंत्री महोदय के विचार सुन लें यदि कुछ बातें रह गई तो उनको बाद में पूछा जा सकता हैं और उनका उत्तर दिया जायेगा।

श्री वासुदेवन नायर (अम्बलपूजा) : इस विषय पर सदस्यों के विचार अलग अलग हैं।

कुछ विचार व्यक्त किये जा चुके हैं। गृह-कार्य मंत्री को वक्तव्य देने से पूर्व कुछ अन्य विचारों को भी सुनना चाहिये।

गृह-कार्य मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : इस प्रस्ताव को मैंने प्रस्तुत नहीं किया है इस लिये मेरा उत्तर देने का कोई प्रश्न नहीं है। मैं सरकार की नीति की व्याख्या करना चाहता हूं। ऐसा कहा गया है कि 7 नवम्बर को बहुत से पुलिस अधिकारी तथा सिपाही छुट्टी पर थे और गुन्डे कलकत्ता से लाये गये थे। इस बारे में मैं केवल इतना ही कहना चाहता हूं कि इसमें कुछ सच्चाई नहीं है। यह कहने का भी कोई लाभ नहीं कि उस दिन हुई हिंसा के लिये पुलिस जिम्मेदार है अथवा पुलिस का उसमें कुछ हाथ है। मैं यह बात मानता हूं कि जिम्मेदार नेता, सन्त और महात्मा लोगों, जिन्होंने इस प्रदर्शन में भाग लिया था, का हिंसा करने का कोई इरादा था परन्तु इतने बड़े प्रदर्शन का नियन्त्रण से बाहर हो जाना स्वभाविक है। इस प्रदर्शन को नियंत्रण में रखने के लिये उचित ढंग से संगठित नहीं किया गया। इस प्रदर्शन को संगठित करने वाले दल बाहर से बड़ी संख्या में लोगों को लाये थे। इसलिये सम्भव है कि कुछ समाज विरोधी तत्व इनमें हों।

न्यायिक जांच के लिये की जा रही मांग अनावश्यक है। इसके लिये बिल्कुल भी कोई मामला नहीं है। दोषी सिद्ध होने वाले व्यक्तियों को परिणाम भुगतने होंगे।

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : क्या आपको विश्वास है कि श्री नन्दा जी अथवा किसी अन्य के विरुद्ध कोई षडयन्त्र नहीं किया गया था।

श्री यशन्तराव चव्हाण : इस प्रकार का कोई षड़यन्त्र नहीं किया गया था। परन्तु इस प्रदर्शन का हिंसा के लिये प्रयोग करने के लिये निश्चय ही कोई षड़यन्त्र किया गया था। कुछ लोगों ने इस प्रदर्शन को संगठित किया क्योंकि इस प्रकार के संगठन के बिना इस प्रकार की घटना नहीं घट सकती। इन मामलों की जांच की जा रही है। परन्तु जिस प्रकार की न्यायिक जांच की मांगे की जा रही है वह न तो आवश्यक है और न ही व्यवहार्य है। ऐसा करना किसी के हित में भी नहीं है।

Shri Parkash Vir Shastri (Bijnor) : The office of the congress President was also attacked.

श्री यशवन्तराव चव्हाण : उन सभी बातों की अलग अलग जांच की जा रही है। मृतकों के बारे में जांच की गई है क्योंकि इस बारे में सभा में बहुत से आरोप लगाये गए थे। मेरी सूचना के अनुसार वह शव अस्पताल में नहीं था। माननीय सदस्य जो 'फोटोस्टैट' प्रति दिखा रहे हैं वह एक डाक्टर द्वारा एक नर्स को लिखे जाने वाले टिप्पण की है। हमने सम्बन्धित नर्स का वक्तव्य भी लिया था। नर्स का कहना है कि सम्बन्धित टिप्पण उसके पास नहीं लाया गया। यदि कुछ अन्य तथ्य मुझे बताये जाते हैं तो मैं अवश्य ही उनकी जांच करूंगा।

कोई एक मन्त्री सरकार की नीति नहीं बनाता। श्री नन्दा ने सरकार की नीति के अनुसार सभा में वक्तव्य दिया था। अब भी सरकार की वही नीति है। उसमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

श्री स० मो० बनर्जी : श्री नन्दा को क्यों बदल दिया गया है ?

श्री यशवन्तराव चव्हाण : यह एक अलग प्रश्न है। संविधान में गोवध पर रोक लगाने के सिद्धान्त को स्वीकार किया गया है। सरकार इस उपबन्ध से बाध्य है और इसके परिणाम-

स्वरूप देश के अधिकांश राज्यों में इस नीति को स्वीकार कर लिया गया है और इसको कार्यान्वित किया जा रहा है।

परन्तु इसके साथ साथ संविधान में यह व्यवस्था भी है कि ऐसे मामलों में राज्यों को अपने ही अधिकार प्राप्त हैं। उनके विधान मंडलों को कानून बनाना पड़ेगा।

श्री नन्दा जी द्वारा इस सभा में दिये गये वक्तव्य में यह भी कहा गया है कि वह उन मामलों के बारे में राज्य सरकारों से बातचीत करेंगे। स्वयं नन्दा जी ने इसके बारे में राज्य सरकारों से बातचीत की थी और मैं सभा को आश्वासन दिलाता हूं कि केन्द्रीय सरकार इस मामले में राज्य सरकारों से विस्तार पूर्वक बातचीत करती रहेगी।

श्री वासुदेवन नायर : इसका तात्पर्य यह नहीं है कि राज्य सरकारों पर कोई प्रभाव डाला जायेगा।

श्री यशवन्तराव चव्हाण : हम लोकतंत्रीय प्रणाली के अनुसार ही इस मामले पर बातचीत करेंगे।

हमारे यह कहने का अर्थ, कि सरकार कोई कार्यवाही करेगी, यह नहीं है कि कोई विधान बनाया जायेगा, अपितु इसका अर्थ यह है कि हम विभिन्न राज्यों के साथ विचार विमर्श करेंगे। हमने राज्यों के साथ बातचीत की है। कुछ राज्य सरकारों की प्रतिक्रिया अनुकूल रही है। आन्ध्र प्रदेश, आसाम तथा महाराष्ट्र में इस मामले पर विचार करने के लिये समितियां नियुक्त की हैं क्योंकि इस मामले के सभी पहलुओं पर बिचार किया जाना आवश्यक है। केवल कानून बना देने मात्र से समस्या हल नहीं हो सकती है।

हम इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करना चाहते हैं। किन्तु देश में चल रहे आन्दोलनों के कारण इसके लिये ऐसा सौहार्दपूर्ण वातावरण नहीं बन पाया है जिसमें कि निर्णय किये जा सके और उन्हें क्रियान्वित किया जा सके। इसके लिये उचित वातावरण तैयार करने के लिये हम सभा का तथा अन्य लोगों का सहयोग चाहते हैं क्योंकि बिना सहयोग के इस सम्बन्ध में कोई निर्णय करने में बड़ी कठिनाई है। कुछ महान व्यक्ति अनशन कर रहे हैं। इन सभी महान् व्यक्तियों के प्रति मेरे हृदय में आदर है। हम सभी महान् शंकराचार्य का आदर करते हैं। किन्तु प्रत्येक सरकार तथा प्रशासन युक्ति संगत आधार पर ही कार्य कर सकता है और युक्ति-संगत निर्णय ले सकता है।

श्री नि० चं० चटर्जी : संघ राज्य क्षेत्रों में क्या स्थिति है ?

श्री यशवन्तराव चव्हाण : कुछ संघ राज्य क्षेत्रों मे, जहां विधान मंडल हैं, बताया है कि वे मामले की जांच कर रहे हैं। जहां तक दिल्ली का सम्बन्ध है, संसद का सत्र समाप्त होने के बाद तुरन्त इस राज्य क्षेत्र में उत्तर प्रदेश का अधिनियम लागू कर दिया जायेगा।

इसके लिये सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमें सौहार्दपूर्ण वातावरण पैदा करना चाहिये। जो लोग अनशन कर रहे हैं, उन्हें अपना अनशन करने के लिये राजी किया जाना चाहिये। जो लोग व्यर्थ में तनाव का वातावरण पैदा कर रहे हैं, उन्हें अपना आन्दोलनकारी दृष्टिकोण त्याग देने के लिये राजी किया जाना चाहिए। हमें अपनी समस्याओं को बातचीत द्वारा हल करना

चाहिये । इस मामले में न केवल केन्द्रीय नीति ही, अपितु राज्य सरकारों का सहयोग भी अत्यन्त आवश्यक है ।

अन्त में मैं यह कहना चाहता हूं कि सभा को श्री हरिश्चन्द्र माथुर द्वारा प्रस्तुत किया गया संशोधन स्वीकार कर लेना चाहिए ।

श्री नाम्बियार : क्या आप इस संशोधन को स्वीकार कर रहे हैं ।

श्री यशवन्तराव चव्हाण : जी हां ।

Shri P. L. Barupal (Ganga Nagar) : Sir, so far as the demand for a total ban on cow slaughter is concerned, I fully support it. It is a noble cause. There are certain people who believe only in ideology and do not give practical shape to their principles. There are people who turn out their cows after they have ceased to give milk. I would therefore, emphasise that there should be a provision for penalising such persons, they are no less criminals than those who killed the cow.

Apart from what the Government might do for the cows, there are a number of religious institutions, temples and **Maths**, which possess considerable wealth and which can do a lot for the protection and preservation of cows.

श्री नाम्बियार (तिरुचिरापल्ली) : हम गाय के प्रति प्रेम रखते हैं और हम चाहते हैं उसकी यथा संभव रक्षा की जाये । तथापि इस समूचे प्रश्न के सभी पहलुओं पर विचार करने से मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि गोवध पर पूर्ण रोक लगाना ठीक नहीं होगा क्योंकि देश में पहले ही अन्न तथा चारे की कमी है और उसके सामने आर्थिक समस्याएं हैं । हमें गायों से, उनकी पूजा करने वालों से और हिन्दु धर्म की संस्कृति तथा भावनाओं से पूरी हमदर्दी है मेरी हमदर्दी शंकराचार्य के प्रति भी है जो अनशन कर रहे हैं । किन्तु अन्य धर्मों तथा जातियों की भी अपनी अपनी भावनाएं हैं । हमें अपने देश के धर्म निर्पेक्ष होने का केवल दिखावा ही नहीं करना चाहिए ।

सरकार को राज्य सरकारों पर अनिवार्य रूप से गोहत्या बन्द करने के सम्बन्ध में विधान बनाने के लिये दबाब नहीं डालना चाहिए । यदि ऐसा किया गया, तो उसका कोई प्रभाव नहीं होगा । केरल और मद्रास में इसके विरुद्ध पहले ही आन्दोलन शुरु हो चुका है जहां धारा 144 के अन्तर्गत आदेश लागू किये गये हैं । हमें ऐसा कोई कदम नहीं उठाना चाहिये जो देश के अथवा देश की जनता के हित के अनुकूल न हो इसलिये सरकार को इस दिशा में सोच समझकर पग उठाना चाहिए ।

श्री बाकर अली मिर्जा (वारंगल) : इसमें कोई संदेह नहीं कि गाय के बारे में काफी प्रबल धार्मिक भावना है । धर्म निरपेक्ष राज्य का आधार यह है कि हमें दूसरे के धर्म का भी आदर करना चाहिए । हमारे देश के लाखों भाई यह महसूस करते हैं कि गो वध बन्द होना चाहिए इसको वे अपना एक धार्मिक कर्त्तव्य समझते हैं और इस बारे में उनकी भावनायें काफी प्रबल है । इस बारे में मेरे निजी विचार चाहे कुछ भी हो, परन्तु मैं उनकी भावना का आदर करता हूं और उनकी मांग का समर्थन करता हूं ।

केवल इतनी ही बात नहीं है कि कुछ व्यक्ति भूख हड़ताल कर रहे हैं । एक साधू की मृत्यु हो गई और अन्य का जीवन खतरे में है । इस सभा को जगद्गुरू से यह अपील करनी चाहिए कि वे अपनी भूख हड़ताल समाप्त कर दें । मैं जगद्गुरू की इस कार्यवाही का समर्थन व

आदर करता हूं। प्रत्येक व्यक्ति को यह अधिकार है कि वह अपने जीवन की किसी उचित और नैतिक कार्य के लिये बलिदान कर दे।

हमारे देश में गोशालाओं की दशा बहुत खराब है। उनमें जो गाय रहती हैं, उनको भर-पेट चारा भी प्राप्त नहीं होता और उनकी स्थिति अत्यन्त दयनीय है। यदि हम सही अर्थों में इस कार्य को करना चाहते हैं तो हमें गायों का बीमा करने के लिये कार्यवाही करनी चाहिये। वृद्धावस्था पेंशन के समान कुछ ऐसे स्थान होने चाहिये जहां पर इन बूढ़ी गायों को रखा जा सके। तिरुपति, पुरी, काशी आदि स्थानों मे लाखों रुपया पड़ा हुआ है। इस रुपये से चारा फार्म खोले जा सकते हैं। बहुत से ऐसे धनवान मारवाड़ी हैं जो बीज फार्म खोलना चाहते हैं। इन बीज फार्मों के स्थान पर ये लोग चारा फार्म खोल सकते हैं और बूढ़ी गायों के रहने के लिये स्थान की व्यवस्था कर सकते हैं।

मेरा गृह कार्य मंत्री जी से निवेदन है कि इस बारे में कोई कार्यवाही करते समय वे इस बात का भी ध्यान रखें कि गो वध पर प्रतिबन्ध लगान के साथ साथ बूढ़ी और बीमार गायों की देखभाल के लिके कोइ व्यवस्था की जाय।

श्री जोकीम आल्वा (कनारा) : सभापति महोदय, गृह-कार्य मंत्री जी ने जो समझौते की भावना व्यक्त करने वाला तथा प्रभावपूर्ण वक्तव्य दिया है, मैं उसका स्वागत करता हूं। इस देश की अधिकांश जनता के दिल में गाय के प्रति आदर का भाव है। अन्य धर्मों के लोगों को हिन्दुओं की भावनाओं का सम्मान करना चाहिये।

महात्मा गाँधी के कथनानुसार हिन्दु धर्म में ही हिन्दुओं के लिये गो वध करने की मनाही है। अन्य धर्म वालों को इस बात का पालन करना अनिवार्य नहीं है। महात्मा गांधी सबसे बड़े हिन्दु थे और इसलिये इनके विचारों का हमारे लिये बहुत महत्व है।

गृह मंत्री ने अपने वक्तव्य में सरकार पर इस प्रकार दबाव डालकर अपनी बात मनवाने के तरीके का विरोध किया है। उन्होंने विरोधी पक्ष के नेताओं से अन्दोलन शुरु न करने और देश के संतों से अनशन न करने की प्रार्थना की है। मुझे आशा है कि वे इस प्रार्थना को स्वीकार करेंगे।

श्री स० मो० बनर्जी ने कहा है कि 7 नवम्बर को जो हुल्लड़बाजी हुई थी, श्री अतुल्य घोष द्वारा कलकत्ता से भेजे गये गुंडों का काम था। संसद सदस्य को किसी को बदनाम करने वाले इस प्रकार के निराधार वक्तव्य नहीं देने चाहिये। फोटोस्टट प्रतियां पेश करना तो एक आम बात हो गई है। जो जाली दस्तखत करके बनाई जा सकती है। हमें सिद्धान्तों के लिये लड़ना चाहिये। अच्छी बातों के लिए लड़ना चाहिए। हमें व्यर्थ की बातों को यहां नहीं उठाना चाहिये।

मैसूर के मुख्य मंत्री, श्री निजलिंगप्पा, द्वारा एक बहुत सुन्दर सुझाव दिया गया है। उन्होंने कहा है कि प्रत्येक राज्य को 10 या 20 एकड़ भूमि अलग रख दी जानी चाहिये। उन पर गायों के लिये फार्म बनाये जाय और अमीर आदमी इस कार्य के लिये खुलकर दान दें। जो किसान और अन्य लोग बेकार गायों को बेचना चाहे, वे उनको अच्छे दामो पर बेच सके। इस सुझाव पर विचार किया जाना चाहिये।

हमारे देश में बहुत कम लोगों को अच्छा दूध मिलता है श्री माथुर का संशोधन काफी अच्छा है। उसमें सरकार द्वारा इस दिशा में किये गये प्रयत्नों की सराहना की गई है और सरकार से कहा गया है कि वह अपने इन प्रयत्नों को जारी रखे। संशोधन के दूसरे भाग में सभी अनशनकारियों से अनशन त्यागने के लिये कहा गया है। हमारा देश अनशनों के लिए प्रसिद्ध है। परन्तु अन्धाधुन्ध अनशन नहीं किये जाने चाहिये। मैं देश के संतों से अपील करूंगा कि वे सरकार पर दबाव डालने के लिये अनशनों को हथियार न बना लें। मैं गृह-मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि वे इस बात की ओर ध्यान देगे कि इस प्रकार के उपद्रव फिर न हों। पश्चिमी देशों के लोग इन का अनुचित लाभ उठाते हैं।

मेरे विचार से सभा श्री माथुर के संशोधन का समर्थन करेगी।

श्री वासुदेव नायर (अम्बलपुजा) : 7 नवम्बर को हुई घटनाओं के बारे में न्यायिक जांच अवश्य कराई जानी चाहिये। क्योंकि ऐसा करना युक्तियुक्त है।

गोहत्या पर रोक लगाने के बारे में उच्चम न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णय से यह स्पष्ट हो गया है कि गोहत्या पर पूर्ण रोक नहीं लगाई जा सकती है।

उन सदस्यों को, जिन्होंने भावना का प्रश्न उठाया है, यह नहीं भूलना चाहिये कि इस देश में कुछ ऐसे भी क्षेत्र और राज्य हैं जहां के अधिकतर लोग गोहत्या पर रोक लगाने के पक्ष में नहीं हैं क्योंकि यह उनका सब से सस्ता खाद्य है। उदाहरणार्थ केरल को ही लीजिये। यहां पर लगभग 50 प्रतिशत मुसलमान और ईसाई रहते हैं जो गोहत्या पर पूर्ण रोक के पक्ष में नहीं हैं। यहां तक कि वहां के हिन्दुओं में भी इस मामले के बारे में इतनी तीव्र भावना नहीं है। इसका अर्थ यह नहीं है कि वे लोग गायों का आदर नहीं करते हैं। कौन चाहता है कि दूध देने वाली गायों अथवा बछड़ों को काटा जाये। परन्तु जहां तक नकारा गायों का सम्बन्ध है, यदि गोहत्या पर पूर्ण रोक लगा दी जाती है तो हमारी अर्थ व्यवस्था अस्तव्यस्त हो जायेगी। इस समस्या पर अच्छी तरह से सोच विचार करने के पश्चात ही इसे हल किया जाना चाहिये। यह ठीक है कि यहां हिन्दुओं की बहु संख्या है परन्तु अल्पसंख्यकों की भावनाओं का भी ध्यान रखा जाना चाहिये। आन्दोलनों के नाम पर ऐसी कोई चीज नहीं की जानी चाहिये जिससे हमारी अर्थव्यवस्था पर कुप्रभाव पड़े। इस सारे मामले पर निष्पक्ष रूप से विचार किया जाना चाहिये। श्री माथुर द्वारा प्रस्तुत किये गये संशोधन को स्वीकार नहीं किया जाना चाहिये। इस समय जो स्थिति है उसे बनाये रखा जाना चाहिये। इस बारे में राज्यों पर कोई दबाव नहीं डाला जाना चाहिये।

Shrimati Sohodra Bai Rai (Damoh): In Madhya Pradesh, there is total ban on cow - slaughter but there adequate grazing facilities do not exist for the cows with the result that Harijans, Adivasis and other poor people, who used to keep cows in great number, now can not afford to purchase foddar for them and thus they are selling them out. Proper steps should be taken to see that there are sufficient pasture lands. Secondly some restriction should be imposed on such persons who let loose their old bullocks and cows. They are so old that they are not even accepted by cattle - ponds. This results in quarrels among the people.

The agriculturists with small pieces of land cannot make use of tractors and as such we are in need of cows and bullocks. The Prime Minister should therefore declare a complete ban on cow - slaughter. She should see that the persent situation is not taken advantages of by certain elements.

At the same time I will appeal to the religious leaders to give up their fasts.

Shri Bagri (Hissar) : From the treatment meted out to our great saints who are on fast demanding total ban on cow - slaughter, it seems that Government is inciting people to rise in revolt, on small scale so that a major revolt, of the people against famine conditions, starvation and corrupt practices resulted from the wrong policies adopted by Government can be avoided.

The allegation that Swami Rameshwaranand had incited the sadhus to indulge in violence on 7th November, is baseless. There was nothing wrong in Swamiji asking the cow-slaughter demonstrators to surround Parliament. He had not asked anybody to indulge in killing and arson. He should therefore, be released as soon as possible.

In order to avoid a major revolt, of the people, certain elements with in the ruling party itself had engineered this trouble on 7th November and for this purpose certain goondas were hired by them from Calcutta. A conspiracy had been hatched to kill Shri Kamaraj. That is why the Government is now fighting shy instituting a judicial enquiry into the incidents.

Mr. Chairman : Shri Tyagi.

Shri Tyagi (Dehra Dun) : Shri Mathur .... **(Interruptions)**

सभापति महोदय : इस प्रकार का व्यवहार सभा में सहन नहीं किया जा सकता ।

Shri Bagri : You had run away when Shri Rameshwaranand was arrested * * *

सभापति महोदय : कृपया बैठ जाइये ।

Shri Hukam Chand Kachhavaiya : Mr. Chairman, Sir, I want to point out that I have been called * * * May I tell you * * * It is not good. This should be withdrawn.

श्री राम सहाय पाण्डेय : बहुत खराब शब्द का प्रयोग किया गया है । इसे कार्यवाही वृतान्त से निकाला जाना चाहिये । इससे माननीय सदस्य का अपमान हुआ है । उन्हें माफी मांगनी चाहिये ।

सभापति महोदय : उस शब्द को निकाला जाये ।

श्री त्यागी : मैं श्री माथुर के संशोधन का समर्थन करता हूं और गृह कार्य मंत्री को बधाई देता हूं कि उन्होंने सरकार की नीति की स्पष्ट रूप से घोषणा कर दी है । मैं सभा को सूचित करना चाहता हूं कि हम सब ने बैठकर अच्छी तरह से विचार किया है और इस बात पर सहमत हो गये हैं कि गोवध पर रोक लगनी चाहिये । गोवध पर रोक तो लगनी ही होगी । यह ऐसी बात नहीं है जिस पर कांग्रेस को हिचकिचाहट है । वास्तव में कांग्रेस निर्णय कर चुकी है कि गोहत्या बन्द की जानी चाहिये । यह कहना सही नहीं है कि इस प्रश्न पर केन्द्रीय तथा राज्य सरकारें सो रही है । सभा को विदित ही है कि बिहार में गोवध पर रोक लगाने के लिये कानून बन चुका है । इसी प्रकार गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मैसूर, पंजाब, उत्तर प्रदेश, जम्मू तथा काश्मीर, राजस्थान तथा दिल्ली में भी कानून बन चुके हैं । हम यह भी निर्णय कर चुके हैं कि जिन राज्यों में कानून नहीं बनाये गये हैं उनके साथ भी हम बातचीत करेंगे और उनसे आग्रह करेंगे कि वे शीघ्र कानून बनाये । किन्तु केन्द्र के लिये यह सम्भव नहीं है कि वह किसी राज्य सरकार पर ऐसे मामले के सम्बन्ध में दबाव डाले जो राज्य सूची का विषय है । गृह कार्य मंत्री

अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही वृतान्त से निकाल दिया गया ।

***Expunged as ordered by the Chair.

के आज के वक्तव्य को ध्यान में रखते हुए मैं विरोधी दल के सदस्यों को कहूंगा कि वे श्री शंकराचार्य से अनशन तोड़ने का अनुरोध करें । हमारा देश कृषि प्रधान देश है तथा हम गाय के बिना समृद्ध नहीं हो सकते । मुझे आशा है कि लोग गोवध पर रोक लगाने के सम्बन्ध में कांग्रेस सरकार द्वारा की जा रही कार्यवाही का स्वागत करेंगे ।

Shri A. P. Sharma (Buxar) : I appreciate the way according to which Government is proceeding to ban cow slaughter. At the same time I am surprised to see the attitude adopted by the Communist Party of India in this connection. All the parties barring the Communist Party are in favour of ban on cow slaughter. Keeping in view Government's stand in this matter I would appeal to the religious leaders to give up their fast.

Shri Kashi Ram Gupta (Alwar) : It is regretted that Shri Vasudevan Nair has tried to give a communal shape to this matter. In fact, it is a constitutional matter. The State Governments have failed to implement the provisions of the constitution in regard to ban on cow slaughter. The centre should therefore take up this matter and enact a legislation to ban cow slaughter. I would appeal to Government to take immediate action in this direction.

Shri Raghunath Singh (Varanasi) : Some hon. Member had made a mention regarding the removal of an armed Gaurd from the residence of Shri Kamraj. In this connection I would like to submit to the House that armed Gaurd must not have been posted at the residence of Shri Kamraj.

So far as the question to ban cow-slaughter is concerned Congress Party is nc against it. It is the Communist Party which is against it. I want to make it clear that in the party executive we sat together, discussed this matter thoroughly and came to the conclusion that cow slaughter should be banned. I would appeal to Shri Shankaracharya to give up his fast keeping in view the stand taken by Government.

सभापति महोदय : श्री हुकम चन्द कछवाय ।

Shri Hukam Chand Kachhavaiya (Dewas) : I have listened to the speeches made by the hon. Members thoroughly. I have also listened to the speech of the hon. Home Minister. In this speech he has not pointed out ..... (interruptions)

Shri Tulsidas Jadhav (Nanded) : We were told that two minutes will be given to each member. Some Members have not got the time.

कुछ माननीय सदस्य : समय बढ़ाया जाये ।

सभापति महोदय : यदि सभा सहमत होती है तो हम आधा घण्टा और बैठ सकते हैं ।

श्री राजेश्वर पटेल (हाजीपुर) : सभा में गणपूर्ति नहीं है ।

सभापति महोदय : बार बार घंटी बजाये जाने के बावजुद भी गणपूर्ति नहीं हुई है ।

एक माननीय सदस्य : हमें इस शर्त को हटा देना चाहिये ।

सभापति महोदय : जब अध्यक्षपीठ का ध्यान गणपूर्ति न होने की ओर आकृष्ट किया जाता है तो यह शर्त हटाई नहीं जा सकती । बार बार घन्टी बजाये जाने के बावजूद भी गणपूर्ति नहीं हुई है । इसलिये सभा अनिश्चित काल के लिये स्थगित होती है ।

इसके पश्चात् लोक सभा अनिश्चित काल के लिये स्थगित हुई ।

The Lok Sabha then adjourned sine die.

P. L. S. 48 LXI. 24. 65.
565

© प्रतिलिप्यधिकार लोक-सभा सचिवालय को प्राप्त ।

लोक-सभा के प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन सम्बन्धी नियमों (पांचवां संस्करण)
के नियम 379 और 382 के अन्तर्गत प्रकाशित और मुख्य व्यवस्थापक,
श्री अशोक बन्दलिश, अशोका प्रिंटिंग वर्क्स, मोदीनगर द्वारा मुद्रित ।

© 1968, BY LOK SABHA SECRETARIAT.

PUBLISHED UNDER RULES 379 & 382 OF THE RULES OF PROCEDURE & CONDUCT OF BUSINESS IN LOK SABHA (FIFTH EDITION)
&
PRINTED BY
Shri Ashok Bandlish at Ashoka Printing Works, MODINAGAR.